जबलपुर
मंगलवार, 7 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 19, अंक : 7
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 41
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8 पाक के दमन से उबलता पीओके




मैट्रो
14 ट्रैक्टर पलटने से युवक सहित पांच ....

**मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक**

◆ भिंड, ग्वालियर, मुरैना, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ व बैतूल में आज मतदान

# दंगल का 'मंगल'...127 प्रत्याशियों में से मतदाता चुनेंगे अपने '9 सांसद'




कुल एक करोड़ 77 लाख 52 हजार से अधिक मतदाता, कुल 20,456 मतदान केंद्र

गर्मी में मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र में तीसरे चरण के 9 लोकसभा क्षेत्रों भिंड, ग्वालियर, मुरैना, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ व बैतूल में आज मंगलवार को कुल 20,456 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। यह शाम 6 बजे तक लगातार जारी रहेगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तरह के इंतजाम किए गए हैं।

इन क्षेत्रों के कुल 5,744 क्रिटिकल मतदान केंद्रों समेत भिंड व मुरैना के चिन्हित 585 वन्नरेबल क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 24 जिले और 72 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां कुल एक करोड़, 77 लाख, 52 हजार 583 मतदाता भाजपा व कांग्रेस समेत सभी दलों व निर्दलियों को मिलाकर 127 प्रत्याशियों को अपना वोट देंगे। मतदान के लिए चुनाव आयोग की तरफ से सभी तरह के बंदोबस्त किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा का विशेष तौर पर ध्यान दिया गया है। लाइट, पानी के साथ ही गर्मी से बचाव के इंतजाम किए गए है। मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान के एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस करके पत्रकारों को डिटेल जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में कानून व्यवस्था के मद्देनजर एक लाख 17 हजार 521 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान दिवस 7 मई को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। राज्य शासन ने निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है।

भिंड व मुरैना समेत संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती

प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 24 जिले और 72 विधानसभा क्षेत्र

299 फ्लाइंग स्क्वाड टीम के साथ ही 336 स्टेटिक सर्विलेंस टीम की तैनाती

9 लोकसभा क्षेत्रों में 25,108 बीयू, 20,458 सीयू तथा 20,456 वीवीपैट का उपयोग



**रैपिडो से घर तक छोड़ने की व्यवस्था**

इस बार चुनाव आयोग ने एक और नायाब व्यवस्था की है। 85 वर्ष के उपर के मतदाताओं को जहां घर पर ही मतदान कराने की सुविधा दी गई है, वहीं मतदाताओं को निः शुल्क घर छोड़ने की व्यवस्था भी की गई है। यह व्यवस्था हालांकि चारों महानगरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व जबलपुर में ही उपलब्ध रहेगी। इस चरण में भोपाल व ग्वालियर के मतदाता चाहे तो रैपिडो की बुकिंग की अपने मतदान केंद्र से अपने घर तक वापस जा सकेंगे।

## मामा, महाराज और राजा की किस्मत 'दांव' पर







▶▶ भिंड और मुरैना में त्रिकाणीय मुकाबला
▶▶ सात सीटों में भाजपा- कांग्रेस में टक्कर

प्रदेश की 9 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार 7 मई को मतदान होगा। इनमें से दो सीटों मुरैना और भिंड में त्रिकोणीय जबकि शेष 7 सीटों में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। इनमें राजा दिग्विजय सिंह की राजगढ़, महाराज ज्योतिरादित्य सिंह की गुना और मामा शिवराज सिंह चौहान की विदिशा सीट शामिल हैं। राजगढ़ में दिग्विजय का मुकाबला भाजपा सांसद रोडमल नागर, गुना में ज्योतिरादित्य का मुकाबला कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव और विदिशा में शिवराज सिंह चौहान का कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा से है। मुरैना और भिंड में भाजपा, कांग्रेस और बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार है। मुरैना में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और भिंड में प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की प्रतिष्ठा जुड़ी है। कांग्रेस के सत्यपाल सिकरवार और बसपा के रमेश गर्ग के बीच मुकाबला है जबकि भिंड में भाजपा की संध्या राय, कांग्रेस के फूल सिंह बरैया और बसपा के देवाशीष जारारिया के बीच मुकाबला है। ग्वालियर में विधानसभा हारे भाजपा के भारत सिंह कुशवाहा और कांग्रेस के प्रवीण पाठक में टक्कर है। सागर में भाजपा की लता वानखेड़े और कांग्रेस के गुड्डू राजा बुंदेला, भोपाल में भाजपा के आलोक शर्मा और कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव आमने-सामने हैं। बैतूल में भाजपा सांसद दुर्गादास उइके का मुकाबला कांग्रेस के रामू टेकाम से है।

**छिंदवाड़ा के अमर शहीद बेटे का पहुंचा पार्थिव शरीर, उमड़ा शहर**

# सीएम यादव ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर, सरकार देगी एक करोड़

मुख्य सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶छिंदवाड़ा/भोपाल





छिंदवाड़ा जिले के एक और वीर सपूत ने देश की सुरक्षा करते - करते अपने प्राणों की आहुति दे दी। नगर के लोनिया करबल निवासी विक्की पहाड़े जम्मू कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में शहीद हो गए। शहीद विक्की पहाड़े वायु सेवा के कॉर्पोरल पद पर पदस्थ थे। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। सोमवार सुबह नागपुर से सेना के हेलिकॉप्टर के जरिए पार्थिव देह इमलीखेड़ा हवाई पट्टी छिंदवाड़ा पर लाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देने स्थानीय इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पहुंचे। उन्होंने शहीद विक्की पहाड़े की मां से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के कायराना हमले की निंदा की, उन्होंने कहा कि शहीद के परिजनों को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसका प्रस्ताव चुनाव आयोग के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। पार्थिव शरीर इमलीखेड़ा चौक, चंदनगांव, शिवाजी चौक शहीद स्मारक, कलेक्ट्रेट, अम्बेडकर तिराहा होते हुए राजाभोज परासिया रोड़ से लोनिया करबल पहुंचा। इस दौरान समाजिक संस्थाओं के द्वारा भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि शहीद विक्की पहाड़े दोबारा लौटकर देश की सेवा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा नगर निगम से चर्चा कर कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे यहां पर मुख्य सड़क का नाम शहीद के नाम से करवाएं।

## बागरी को भी मिलेगे एक करोड़



महेंद्र बागरी कर्तव्य के दौरान हुए थे शहीद

इसी तरह शहडोल के शहीद एएसआई महेंद्र बागरी के परिजनों को भी एक करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। दोनों के प्रस्तावों को चुनाव आयोग से मंजूरी मिलते ही राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद जवान पहाड़े के परिजनों से मिलने के बाद सांत्वना देते हुए कहा कि उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए स्मृति द्वार, वार्ड का नामकरण से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त होगा तो उसे स्वीकृत करेंगे। इसके साथ ही साथ शहीद के आश्रित परिजनों में से किसी को वायु सेना में नौकरी मिल सकती है, लेकिन जरुरत होने पर राज्य सरकार भी आश्रित को सरकारी सेवा प्रदान कर सकती है।

## देश में तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग होगी

***नई दिल्ली।*** *पहले इस फेज में 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटें थीं, लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने और 8 कैंडिडेट के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश की बैतूल सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद सेकेंड फेज (26 अप्रैल) को होने वाली वोटिंग 7 मई को शिफ्ट कर दी गई। महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है। चुनाव आयोग के अनुसार, तीसरे फेज में कुल 1352 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1229 पुरुष और 123 (9%) महिला हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, 244 कैंडिडेट्स आपराधिक छवि के हैं। 392 कैंडिडेट्स के पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति हैं।*

## लकी मतदाताओं की भी आज 'खुलेगी किस्मत'



## हीरे की अंगूठी, बाइक सहित लैपटॉप टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन तक मिलेंगे

इन इनामी स्कीम का मकसद मतदान जागरुकता व मतदान प्रतिशत बढ़ाना

पहला लकी ड्रॉ 10 बजे दूसरा लकी ड्रॉ दोपहर 2 बजे और तीसरा शाम 6 बजे निकाला जाएगा




पुरस्कारों को कुछ इस तरह सजाया गया है




हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राज्य सरकार, प्रशासन व सामाजसेवक सभी सौ फीसदी मतदान के लिए मतदाता को प्रेरित करने में जुटे हैं। राजधानी भोपाल के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने 'पहले मतदान-फिर दुकान' का नारा दिया है तो मतदान दिवस को महापर्व के रूप मनाने की अपील की है। व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि पूरे परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले मतदान करें फिर प्रतिष्ठान खोलें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने ये व्यापारी संगठन विभिन्न इनामी स्कीम्स लाए हैं।

**हर बूथ पर तीन इनाम निश्चित निकलेंगे**

भोपाल में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने व्यापारिक संगठन डिस्काउंट कूपन, ऑफर एवं गिफ्ट्स प्रदान कर रहे हैं। कई बड़े व्यापारिक संस्थाओं ने लकी ड्रॉ योजना का ऐलान किया है जिसके तहत बंपर इनाम की घोषणा है। प्रत्येक बूथ पर लकी ड्रॉ के माध्यम से मतदाताओं को इनाम देने का दावा किया गया। जिसमें हर बूथ पर तीन इनाम निश्चित निकलेंगे, जिसमें पहला लकी ड्रॉ 10 बजे , दूसरा लकी ड्रॉ दोपहर 2 बजे और तीसरा शाम 6 बजे निकाला जाएगा। इस बंपर इनाम के ड्रॉ में लैपटॉप, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, माउस, लंच बॉक्स, हॉट प्लेट, सफारी सूट लैथ, कैप, टी शर्ट, मोबाइल फ्रोन , मोटर साइकिल, स्कूटी सहित कई बड़े इनाम निकाले जाएंगे। टिंबर मर्चेंट व्यवसाय संघ की ओर से 25 हजार रुपए कीमत की डाइनिंग टेबल एवं कपड़ा व्यापारी संघ बैरागढ़ की तरफ से सफारी सूट तथा डायमंड रिंग देने की घोषणा गई है।

**काली कमाई...कहां से आई? : रांची में कई जगहों पर ईडी का छापा...टेंडर घोटाले में बड़ी कार्रवाई**

# मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से 30 करोड़ रु. नकद बरामद

दो साल पहले आईएएस पूजा सिंघल के यहां से 17 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे

एजेंसी ▶▶रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई।

नोट गिनने की मशीन संजीव लाल के घर पर लाई गई है। बता दें कि अबतक 30 करोड़ से ज्याद रुपए की गिनती हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि गिनती अभी भी जारी है। नकद राशि 500 के नोटों में बरामद की गई। संजीव लाल के आवास पर स्टील के ट्रंक लाए गए हैं। इस बीच आलमगीर आलम ने कहा कि संजीव लाल एक सरकारी कर्मचारी हैं। वह मेरे निजी सचिव हैं। संजीव लाल पहले से ही दो पूर्व मंत्रियों के निजी सचिव रह चुके हैं। कई सरकारी कर्मचारी हैं और हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं। ईडी की जांच पूरी होने से पहले छापेमारी पर टिप्पणी करना सही नहीं है।

ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया था।

नोट गिनते गिनते अधिकारी थके, स्टील के ट्रंकों में भरे गए नोट

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं



**नोटों को गिनने के लिए मंगवाई गई मशीन**

ईडी की छापेमारी में मिले नोटों का संबंध झारखंड के मंत्री आलमगीर से बताया जा रहा है। नोटों को गिनने के लिए बैंक कर्मचारियों और मशीनों को भी मंगवाया गया है। बता दें कि दो साल पहले झारखंड में आईएएस पूजा सिंघल के यहां छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी में 17 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे।

***वीरेंद्र राम के घर मिली थी 150 करोड़ की संपत्ति***

*ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। लंबे समय तक पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया। राम के यहां 150 करोड़ की संपत्ति मिली थी। इसके अलावा दो करोड़ के स्वर्ण आभूषण भी बरामद किए गए थे। ईडी को वीरेंद्र राम के पास से एक लैपटॉप और कुछ पेन ड्राइव भी मिली थीं।*



**कौन हैं आलमगीर आलम?**

**सरपंच पद से शुरू हुआ था सफर**

झारखंड की पाकुड़ विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे आलमगीर आलम झारखंड सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। इससे पहले आलमगीर आलम 20 अक्तूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर आसीन थे। आलमगीर आलम 2019 में पहली बार मंत्री बने। उन्होंने 29 दिसंबर 2019 को महागठबंधन के हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। सोरेन सरकार में उन्हें संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले 20 अक्टूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर थे। आलमगीर आलम ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 1978 में गृह पंचायत महराजपुर से सरपंच पद का चुनाव जीतने के साथ शुरू की थी।

**आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी**

## काली कमाई के गोदाम बना रही कांग्रेस, नोटों के पहाड़ निकल रहे

कहीं ऐसा तो नहीं कि जो पैसे पकड़े जा रहे हैं वह कहीं सप्लाई होने के लिए रखे थे

**राजमुंदरी।** आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में ईडी ने सोमवार नोटों के पहाड़ निकाले हैं। कांग्रेस के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के पास से यह नोटों का पहाड़ निकला है। कांग्रेस ने अपने नौकर के घर को काली कमाई का गोदाम बना रखा था। आज मैं देश के सामने एक और संयोग की बात करता हूं।



आखिर ऐसा क्यों है कि जिनके पास से नोटों के पहाड़ मिलते हैं वे कांग्रेस के प्रथम परिवार के करीब होते हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि जो पैसे पकड़े जा रहे हैं वह कहीं सप्लाई होने के लिए रखे थे। कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के प्रथम परिवार ने देश भर में ऐसे ही काली कमाई के गोदाम बना रखे हैं। देश कांग्रेस के शहजादे से यह जानना चाहता है।

पीएम मोदी ने ओडिशा के बेहरामपुर, नबरंगपुर और गंजम में भरी हुंकार

# परमात्मा ने ओडिशा को सबकुछ दिया, ओडिशा अमीर, लेकिन यहां के लोग गरीब, प्रभु जगन्नाथ की धरती पर हूं और आशीर्वाद लेने आया हूं

एजेंसी ▶▶ बेरहामपुर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को ओडिशा और आंध्र प्रदेश के चुनावी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने ओडिशा के बेरहामपुर में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान जनसभा में उपस्थित लोगों से पीएम मोदी ने कहा कि कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था वहां मैंने रामलला और अयोध्या दर्शन किए आज मैं प्रभु जगन्नाथ की धरती पर हूं और आशीर्वाद लेने आया हूं।

उन्होंने कहा कि ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बेरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति, विरासत और न जाने क्या-क्या है, परमात्मा ने ओडिशा को सबकुछ दिया हैं फिर भी इतने अमीर ओडिशा के लोग गरीब रह गए हैं। ओडिशा अमीर है लेकिन जनता गरीब हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है।

ओडिशा के चुनाव दौरे पर आए पीएम मोदी ने कहा कि यहां बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है।

**ओडिशा में सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है**

### ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं



#### 4 जून बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट

गंजम में चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से हमारी सभी घोषणाओं पर अमल करेंगे। 4 जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है और 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा, 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा पार्टी के मुख्यमंत्री पद का शपथ समारोह होगा।

#### ओडिशा सरकार को महिलाओं के हितों की परवाह नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि आज ओडिशा में जो सरकार है, उसे महिलाओं के हितों की कोई परवाह ही नहीं है। केंद्र सरकार हर गर्भवती महिला को 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दे रही है। ओडिशा सरकार ने इतनी महत्वपूर्ण और पवित्र योजना पर भी ताला लगा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। ओडिशा भाजपा की सुभद्रा योजना, यहां महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करेगी।

**बीजेडी सरकार में लोगों को अवसर नहीं**

नबरंगपुर में पीएम मोदी ने कहा कि नबरंगपुर से छत्तीसगढ़ की दूरी 50-60 किलोमीटर है। वहां, भाजपा सरकार 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदती है। जबकि यहां ओडिशा 2100 रुपए में धान खरीदा जाता है। ओडिशा भाजपा ने घोषणा की है कि भाजपा सरकार बनने के दूसरे ही दिन 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जाएगा। पीएम ने कहा कि मुझे यह देखकर दुख होता है कि बीजेडी सरकार ने आपको सही अवसर नहीं दिए।

**केंद्र सरकार ने 10 हजार करोड़ दिए**

पीएम ने कहा कि 10 साल में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा ओडिशा को दिए हैं। केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए ओडिशा को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। वे गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है। दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए केंद्र पैसे भेजता है, लेकिन बीजेडी सरकार इस पर भी अपना फोटो चिपका देती है।

**भाजपा का कांग्रेस पर हमला**

### मोदी जी डोजियर नहीं, डोज देते हैं



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने मुंबई हमले में बलिदान हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे की हत्या पर बड़ा दावा किया था। इसे लेकर भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। सुधांशु ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस सरकार थी जो 26/11 हमले के बाद भी डोजियर देते थे और दूसरी तरफ मोदी सरकार है जो डोजियर नहीं डोज देती है। सुधांशु ने कहा कि वडेट्टीवार ने 26/11 के लिए पाकिस्तान को बचाने की कोशिश की है, लेकिन वो सफल नहीं होंगे। यह सब पाकिस्तान की भाषा है।

**प्रमोद कृष्णम का दावा, राहुल ने कहा था**

### कांग्रेस सरकार बनने पर पलट देंगे राम मंदिर फैसला



**संभल।** पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था। कहा कि राहुल गांधी और उनकी टीम इस देश को किसी न किसी बहाने से तोड़ना चाहती है। राहुल गांधी और उनकी टीम देश को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर तोड़ने में लगी है।

**500 लोगों की कोर टीम, 20 गांवों का रोजाना दौरा**

### अमेठी-रायबरेली के लिए प्रियंका का मेगा प्लान



**लखनऊ।** प्रियंका गांधी वाड्रा 12 दिनों के लिए रायबरेली के भुवेमऊ गेस्ट हाउस में डेरा डालेंगी। क्योंकि उनके सामने पारिवारिक विरासत को बचाने और बीजेपी से अमेठी को वापस जीतने की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रियंका यहां 12 दिन में रोजाना 20 गांव में दौरा करेंगी। उनकी कोर टीम में 500 लोग शामिल हैं। ये सभी विश्वासपात्र कार्यकर्ता हैं।

**जेपी नड्डा का कांग्रेस पर निशाना**

## वो फर्जी वादों और अपराधियों के सहारे सत्ता में आना चाहते हैं

**पेद्दापल्ली (तेलंगाना)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी फर्जी वादों, फर्जी नारों, वोट बैंक की राजनीति और अपराधियों के जरिए किसी भी तरह से सत्ता में आने की कोशिश करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एक जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमने वह युग देखा है जब कांग्रेस शासन कर रही थी



और जब हम इसे याद करते हैं, तो हमें भ्रष्टाचार, नीतिगत पंगुता और अनिर्णय की चिंताओं को याद करना चाहिए जो उनके कारण हुई। शासन मॉडल और कांग्रेस फिर से देश को उसी युग में पीछे धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस फर्जी वादों, फर्जी नारों, वोट बैंक की राजनीति और अपराधियों के जरिए किसी भी तरह से सत्ता में आने की कोशिश करती है। आज, मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वंशवादी राजनीति को त्याग दिया है और विकास की राजनीति आगे बढ़ रहा है। जेपी नड्डा ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की और दावा किया कि देश आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम 'सबका साथ, सबका विकास' के विचार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत एक वैश्विक नेता के रूप में चमक रहा है।

**बिहार में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा**

### विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं

**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह ने उजियारपुर में कहा कि मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं। इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का पीएम बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को पीएम बनाया है। लालू जी के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी।



**पीएम मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को सम्मान दिया**

गृह मंत्री शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी ने 'भारत रत्न' देकर जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया है। उन्होंने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों-पिछड़ों के लिए काम किया।

**भाजपा दिन में सपने देख रही: नवीन**

बीजेडी नेता वीके पांडियन ने एक वीडियों में नवीन पटनायक से पूछते हैं कि भाजपा बोल रही है कि वो उड़ीसा में सरकार बनाएंगी। इस पर उड़ीसा के सीएम नवीन पटनायक ने हंसते हुए कहा कि भाजपा बहुत दिनों से दिन में सपना देख रही है।



**नेशनल कॉन्फ्रेंस की कारगिल यूनिट का इस्तीफा**

**कारगिल।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सोमवार को बड़ा झटका लगा जब उसकी पूरी कारगिल इकाई ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के चयन को लेकर सामूहिक इस्तीफे की घोषणा की। लद्दाख के अतिरिक्त महासचिव कमर अली अखून ने एक पत्र में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को इकाई के फैसले से अवगत कराया।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोग बरी

**गांधीनगर।** गुजरात उच्च न्यायालय ने आरटीआई कार्यकर्ता अमित जेठवा की हत्या के मामले में भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। इन लोगों को सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया था। इसी के खिलाफ भाजपा के पूर्व सांसद दीनू सोलंकी और अन्य छह लोगों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और अपील दी थी, जिसे अदालत ने सोमवार को स्वीकार कर लिया।



### के. कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई और ईडी के केस में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि उन्हें राहत देने के लिए यह सही समय नहीं है। इससे पहले 23 अप्रैल की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने के. कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ाई थी।



### सड़क हादसे में 5 की मौत, 20 घायल

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक मिनी बस और कार के बीच टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। सिंघाना के थाना प्रभारी कैलाश चंद यादव ने बताया यह हादसा सोमवार सुबह थली गांव के पास उस समय हुआ जब एक कार मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एक मिनी बस से टकरा गई। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।



फिर विवादों में घिरे राहुल गांधी, कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने लिखा खुला पत्र

# 181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता के दावों को किया खारिज, कानूनी कार्रवाई की मांग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। बीते दिनों विश्वविद्यालय प्रमुखों की चयन प्रक्रिया पर राहुल ने सवाल खड़ा किया था। जिसका विरोध जताते हुए अब कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने खुला पत्र लिखा है। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में राहुल गांधी पर 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

### चयन प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक

**खास बातें**

- राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया
- चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी
- इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित



**कार्यालय को बदनाम किया**

पत्र में लिखा गया है कि देश भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपति और अकादमिक नेताओं के चयन प्रक्रिया के संबंध में हाल ही में दिए गए आधारहीन आरोपों का खंडन किया जाता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और कार्यालय को बदनाम किया है। इसलिए मांग है कि कानून के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

**क्या कहा था राहुल गांधी ने?**

राहुल गांधी ने अपने बयानों में हाल ही में आरोप लगाया था कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता और अहर्ता को ताक पर रख कर कुछ संगठनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबंधों के आधार पर की जा रही है।

#### विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा

पत्र में लिखा गया है कि जिस प्रक्रिया से कुलपतियों का चयन किया जाता है, वह योग्यता, विद्वतापूर्ण विशिष्टता और अखंडता के मूल्यों पर आधारित कठोर, पारदर्शी कठोर प्रक्रिया की विशेषता है। कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है और इसमें विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा है।

**ब्रिगेडियर रैंक पदोन्नति पर सीजेआई बोले**

## प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट, अवमानना का मामला नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेना में ब्रिगेडियर रैंक में पदोन्नति में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सेना में अधिकारियों के प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट है। सेना के इस कदम से अदालत के अवमानन का मामला नहीं बनता है।

चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने ही फैसला सुनाया है कि सेना में प्रमोशन के लिए पहले से ही बने पैनल में शामिल अधिकारियों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए लेकिन आदेश सेना की बेंचमार्किंग को रोकने के लिए नहीं है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि तुलना नहीं होगी तो योग्यताओं का विश्लेषण कैसे होगा।

◆ *सेना में कार्यरत 30 से ज्यादा कर्नल रैंक की महिलाओं ने याचिका दाखिल की थी*

#### वकील पर भड़के सीजेआई

सीजेआई की टिप्पणी पर याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील हुजेफा ने कहा कि अगर उनके पास एक विशेष चयन बोर्ड है तो आपके पास बिना पैनल के लोग भी हैं। बस वकील की इसी बात पर सीजेआई भड़का गए और कहा, "आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? यह कोई कर्नल का टाइमस्केल है? क्या बिना बेंचमार्किंग के यह कैसे तय किया जा सकता है।"

#### क्या है पूरा मामला?

सेना में कार्यरत 30 से ज्यादा कर्नल रैंक की महिला अधिकारियों ने एक याचिका दाखिल की। महिला अधिकारियों ने लिंग के आधार पर सेना में प्रमोशन में भेदभाव की शिकायत की। महिला अधिकारियों ने आरोप लगाया कि सेना सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्मी में नई प्रमोशन नीति को सरकार ने मार्च की आखिरी हफ्ते में लागू की।

**एसओएल का 62वां स्थापना दिवस**

## उपराष्ट्रपति बोले- शिक्षा सबसे बड़ा अधिकार और बड़ा दान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के 62वें स्थापना दिवस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं है; बल्कि, यह प्रगति, सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला है। यह वह कुंजी है जो प्रगति, समृद्धि और सशक्तिकरण के द्वार खोलती है। शिक्षा सबसे बड़ा अधिकार और दान है। शिक्षा से बड़ा कोई मौलिक अधिकार नहीं है।



**एसओएल ने खोले दरवाजे**

इस दौरान उन्होंने और शिक्षा के केंद्र के रूप में भारत की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा को रेखांकित किया और कहा कि देश दृढ़ता से अपने पिछले गौरव को फिर से हासिल करने की राह पर है। नालंदा और तक्षशिला जैसे संस्थानों की शानदार विरासत का उल्लेख करते हुए, उपराष्ट्रपति ने समकालीन समय में भारत के शैक्षिक परिदृश्य में आदर्श बदलाव और पुनरुत्थान पर प्रकाश डाला। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एसओएल ने उन लोगों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जो पहले परिस्थितियों से मजबूर थे, जिससे वे अपनी दिनचर्या को बाधित किए बिना शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञान और कौशल के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाया।

**गोपाल कृष्ण गोस्वामी का वृंदावन में किया अंतिम संस्कार**

अनुयायियों ने आरती, फूल, माला अर्पित की

## गोशाला में दी गई भू समाधि, इस्कॉन से जुड़े करीब दस हजार से अधिक भक्तों ने किए अंतिम दर्शन, दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ▶▶ मथुरा

इस्कॉन गवर्निंग कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी का सोमवार को वृंदावन में अंतिम संस्कार किया गया। गोपाल कृष्ण गोस्वामी को उनके अनुयायीयों ने इस्कॉन गोशाला में समाधि दी। 6 मई की सुबह 10 बजे इस्कॉन से जुड़े अनुयायी उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर वृंदावन पहुंचे। जहां रमणरेती क्षेत्र स्थित इस्कॉन मंदिर में पार्थिव शरीर रखने के बाद पार्थिव शरीर महामंत्र करते हुए करीब 500 मीटर दूर स्थित इस्कॉन गोशाला ले जाया गया।

**राष्ट्रपति प्रधानमंत्री ने जताया दुख**

### अंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**विधि-विधान से दी गई समाधि**

शाम 5 बजे तक अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को रखा गया। इसके बाद भू समाधि दी गई। गौशाला के बलराम हॉल में भक्तों ने पार्थिव शरीर के दर्शन किए। अंतिम दर्शन के लिए 10 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचे। भक्तों ने उनको जमीन के अंदर करीब 8 फीट नीचे भू समाधि दी। भू समाधि देने से पहले उनके अनुयायियों ने उनकी आरती की, फूल, माला अर्पित की।

**सिविल फोर्स भी तैनात**

इस्कॉन वृंदावन के प्रवक्ता रवि लोचन दास ने बताया कि अंतिम संस्कार पूरे नियमानुसार विधि विधान से किया गया है। अंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए।

#### महाराज आध्यत्मिक प्रतीक: पीएम मोदी

गोपाल कृष्ण गोस्वामी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा- श्रद्धेय श्री गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज आध्यत्मिक प्रतीक थे, जिन्हें भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट भक्ति और इस्कॉन के माध्यम से उनकी अथक सेवा के लिए विश्व स्तर पर सम्मान दिया जाता था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा- परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनका जीवन और विरासत दुनियाभर की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके भक्तों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे

बदरीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया, सोने का कड़ा पहनाया

# बदरीनाथ धाम : 5 दशक बाद पुनः जीवित हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा

एजेंसी ⏭ ऋषिकेश

बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। सोमवार को टिहरी राजदरबार नरेन्द्र नगर में पूजा-अर्चना और विधि-विधान से महाराजा टिहरी मनुज्येंद्र शाह की ओर से बदरीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया और सोने का कड़ा पहनाया, इसके साथ ही आज के दिन बदरीनाथ धाम से संबंधित 5 दशक पहले समाप्त हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा पुनः जीवित हो गई। इससे पहले वर्ष 1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का पट्टाभिषेक हुआ था।

राजदरबार नरेंद्र नगर में इस अवसर पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल, बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, राजमहल के ओएसडी राजपाल जरधारी आदि मौजूद रहे।





### रावल की नियुक्ति समिति एक्ट के तहत

ज्ञात हो, श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति उत्तराखण्ड सरकार की स्वायत निकाय है, जो श्री बदरीनाथ मंदिर एवं श्री केदारनाथ मंदिर सहित 46 अन्य मंदिरों का प्रबंधन करती है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि रावल की नियुक्ति मंदिर समिति एक्ट 1939 से पहले महाराजा टिहरी की ओर से होती थी। यह पट्टाभिषेक और सोने का कड़ा उसी परंपरा का एक ऐतिहासिक व सास्कृतिक प्रतीक चिह्न है।

**1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का हुआ था पट्टाभिषेक** | **बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने शुरू की थी पहल** | **मंदिर समिति 46 अन्य मंदिरों का करती है प्रबंधन**



### सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा का प्रतीक

उल्लेखनीय है कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इसके लिए पहल की और आज राज दरबार में पूजा अर्चना के पश्चात रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को महाराजा मनुज्येंद्र शाह सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, बेटी शिरजा शाह सहित बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय और उपाध्यक्ष किशोर पंवार की उपस्थिति में अंग वस्त्र भेंट कर सोने का कड़ा पहनाया गया। सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### बच्ची को पालतू कुत्तों ने काटा, मालिक गिरफ्तार



**चेन्नई।** चेन्नई के एक पार्क में कल रात दो रॉटवीलर कुत्तों के हमले में 5 साल की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर कुत्तों के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कुत्तों की देखभाल करने वाले दो अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस घटना के साथ ही आक्रामक नस्लों के कुत्तों को पालतू जानवर के रूप में रखने पर फिर से बहस शुरू हो गई है। यह घटना चेन्नई के थाउजेंड लाइट्स इलाके के एक सार्वजनिक पार्क की है। मालिक ने कुत्तों को खुला छोड़ दिया था। कुत्तों ने बच्ची पर हमला कर दिया और आरोप है कि मालिक ने तब तक हस्तक्षेप नहीं किया जब तक बच्ची के माता-पिता उसे बचाने के लिए नहीं दौड़े और शोर नहीं मचाया।

### जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को जमानत



**मुंबई।** बंबई हाई कोर्ट ने जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मेडिकल आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। नरेश गोयल फिलहाल रिलायंस हॉस्पिटल में अपना इलाज करवा रहे हैं। अदालत ने उनसे 1 लाख रुपए जमानत राशि जमा करने को भी कहा है। नरेश गोयल और उनकी पत्नी अनीता गोयल कैंसर से जूझ रहे हैं। नरेश गोयल ने बीमारियों को आधार बनाकर कोर्ट से राहत मांगी थी। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इसके बदले में उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए एक महीने तक रुकने दिया जाए।

उपयोगकर्ताओं को आपस में धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी

# भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बन गई सहमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*भारत और घाना के बीच भुगतान को लेकर अहम समझौता हुआ है। अब यूपीआई और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स को जोड़ा जाएगा।*

भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा।

### खास बातें

- अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते के अवसरों पर विचार-विमर्श
- भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे




### ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने का ख्वाब

ऑस्ट्रेलिया पढ़ने जाने की चाह रखने वाले भारतीय छात्रों के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वीजा पॉलिसी को काफी सख्त कर लिया है। भारतीय छात्रों के लिए यह चिंता का विषय इसलिए भी है। ऑस्ट्रेलिया पढ़ने जाने वाले छात्रों में भारतीय छात्रों की तादाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा है। जनवरी-सितंबर 2023 की अवधि में 1.22 लाख भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे थे।



### एमओयू की संभावनाओं के बारे में चर्चा

मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की।

### 7 सदस्यीय दल गया था घाना

भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के 7 सदस्यीय दल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ बैठक की।

जहाज में 6 भारतीय थे सवार

# भारत के समंदर में पकड़ा ईरानी जहाज, कोच्चि भेजा



एजेंसी ⏭ केरल

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने रविवार की देर रात केरल के तट से दूर बेपोर के पश्चिम में 6 भारतीय चालक दल के साथ मछली पकड़ने वाले एक ईरानी जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। हिरासत में लिए गए जहाज को चालक दल के साथ सोमवार को आगे की जांच के लिए सुरक्षित रूप से कोच्चि लाया गया है। समुद्री सुरक्षा और कल्याण को कायम रखना आईसीजी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले भारतीय तट रक्षक बल ने बांग्लादेश के जहाज को पकड़ा था। हालांकि ये जहाज खराब हो गया था और इस वजह से भारतीय सीमा में घुस आया था। इंडियन कोस्ट गार्ड ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी।

### राष्ट्र विरोधी गतिविधि का पता लगाने की गहन जांच

आईसीजी के जहाज और विमान के जरिए किए ऑपरेशन के बाद मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज को रोका गया। आईसीजी की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और किसी भी राष्ट्र विरोधी गतिविधि का पता लगाने के लिए गहन जांच की। ईरानी मालिक ने भारतीय मछुआरों को अनुबंधित किया था।

### पासपोर्ट किया जब्त

चालक दल का आरोप है कि उसने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उनके पासपोर्ट जब्त करने के अलावा उन्हें बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित कर दिया। चालक दल ने कहा कि उन्होंने उसी जहाज का उपयोग करके ईरान से भारत भागने का फैसला किया था।

फ्रांस ने यूक्रेन में 100 सैनिकों को भेजा

# भड़के पुतिन ने दे दिया ऑर्डर बाहर निकालो एटमी हथियार

एजेंसी ⏭ मास्को

यूक्रेन के साथ पिछले दो सालों से अधिक वक्त से चल रहे युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एक बार फिर कड़े तेवर दिखाए हैं। पुतिन ने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास आयोजित करने का आदेश दिया है। अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों की तैयारी और उनका इस्तेमाल कैसे किया जाए, इसके लिए उपाय किए जाएंगे। इसका मकसद पश्चिमी देशों की धमकियों के सामने रूस की क्षेत्रीय अखंडता को सुनिश्चित करना है।

### फ्रांस ने भेजे सैनिक

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ये आदेश ऐसे समय में दिया है, जब फ्रांस ने यूक्रेन में पहली बार अपनी सेना भेजी है। फ्रांस की सेना को यूक्रेन की सेना के समर्थन में



स्लावयांस्क में तैनात किया गया है। यूक्रेन में 100 सैनिकों की टुकड़ी को भेजा गया है। बाद में और सैनिकों को भी भेजा जा सकता है। बता दें, पुतिन कई बार परमाणु युद्ध को लेकर चेतावनी दे चुके हैं। फरवरी में उन्होंने चेतावनी दी थी।

रिहाई के लिए मांगा समर्थन

# 57 देशों के सामने पाक ने उठाया कश्मीर का मुद्दा, नहीं मिला साथ



एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने एक बार फिर दुनिया के सामने कश्मीर का मुद्दा उठाया है। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने इस्लामिक सहयोग संगठन के 15वें शिखर सम्मेलन में कश्मीर की राग अलापा। अफ्रीकी देश गाम्बिया की राजधानी बंजुल में मोहम्मद डार ने कहा कि कश्मीर में भारत लोकतंत्र का गला घोटते हुए मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। इस दौरान उन्होंने ओआईसी से कश्मीर पर अपनी कार्ययोजना लागू करने की बात कही।

आईआईटी मद्रास ने खोजा सबसे बड़े खतरे का तोड़!

# बंगाल की खाड़ी में इकट्ठा हो सकता है कॉर्बनडाई ऑक्साइड

एजेंसी ⏭ मद्रास

आईआईटी मद्रास के एक अध्ययन में पता चला है कि हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का इस्तेमाल कार्बन डाइऑक्साइड सिंक के रूप में किया जा सकता है। भारत में बदलते मौसम की वजह से घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। इनमें से बहुत-सी घटनाएं जलवायु में हो रहे परिवर्तन के कारण हो रही हैं। जलवायु के प्रभावों को रोकने वायुमंडल से कम से कम 100 बिलियन से 1 ट्रिलियन टन तक का कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने की जरूरत होगी। इसके लिए पेड़ लगाना होगा।



### 2,800 मीटर गहराई पर हो सकता स्टोर

समुद्री तल के 2,800 मीटर से अधिक की गहराई पर, कार्बन डाइऑक्साइड को संग्रहित किया जा सकता है। इतनी गहराई पर गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण ये गैस बाहर नहीं निकलेगा और इसी प्रक्रिया से ग्रीनहाउस गैस को बाहर निकलने से रोका जा सकता है। इसी साल जलवायु परिवर्तन पर कई देशों की बैठक हुई थी। भारत ने साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया था।

पौड़ी गढ़वाल को सबसे ज्यादा दिक्कतों का करना पड़ रहा है सामना

# नहीं थम रही उत्तराखंड में आग, पौड़ी के डीएम ने वायुसेना से मांगी मदद

एजेंसी ⏭ पौड़ी

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग थमने का नाम नहीं ले रही है। चाहे गढ़वाल मंडल हो या कुमाऊ मंडल। यहां की कई जगहें आग की लपटों में घिरी हुई नजर आ रहीं हैं। प्रशासन की तरफ से आग को बुझाने के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन वो सब कम ही दिखाई दे रहे हैं।

अब पौड़ी जिले के जिलाधिकारी ने जंगल की आग पर काबू पाने के लिए इंडियन एयरफोर्स से सहायता देने के लिए कहा है और इसके लिए पत्र लिखा है। इंडियन एयरफोर्स का विमान पौड़ी के लिए रवाना हो गया है। एक बात और यह है कि सबसे भीषण आग चीड़ के पेड़ में लगी हुई है। गर्मी के मौसम के कारण आग तेजी से फैलती हुई जा रही है। सबसे ज्यादा आग लगने की घटनाएं कुमाऊं मंडल में सामने आ रही हैं। गढ़वाल मंडल के जंगलों में भी आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है।



### क्लाउड सीडिंग से आग बुझाने की कोशिश

उन्होंने कहा कि हम एक नया प्रोजेक्ट भी ला रहे हैं। आईआईटी कानपुर ने क्लाउड सीडिंग का एक प्रयोग किया है। हम अब उत्तराखंड में भी क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराने की कोशिश कर रहे हैं ताकि जंगल की आग पर काबू पाया जा सके। हमने सीएम से बात की है। उन्होंने पौड़ी से एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए इजाजत दे दी है। सीएम ने पराली न जलाने के निर्देश भी दिए हैं।

### आग लगाने के आरोप में 3 पकड़े

चमोली जिला पुलिस ने गैरसैंण क्षेत्र में आग लगाने और सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी पाने के लिए वीडियो अपलोड करने के आरोप में बिहार के रहने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रही इस घटना का संज्ञान लिया। इनकी पहचान बिहार के रहने वाले ब्रजेश कुंअर, सुखलाल और सलमान के रूप में हुई है।

### कुमाऊं मंडल में सबसे ज्यादा आग की घटनाएं

*अब जंगलों की आग की बात की जाए तो अल्मोड़ा जिले में 56 आग की घटनाएं सामने आई हैं। इसमे 85.5 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए। वहीं, तराई पूर्वी में 90 आग की घटनाएं हुईं। चंपावत में 55 वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। रामनगर में 31 आग की घटनाएं देखने को मिली हैं। इसमें 45.37 हेक्टेयर जंगल जले। नैनीताल में 29 वनाग्नि की घटनाएं सामने आईं। हल्द्वानी में 27 आग की घटनाएं हुईं, इसमें 28.03 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। बागेश्वर जिले में 28 जगहों पर आग लगी। इसमें 34.47 हेक्टेयर वन क्षेत्र पर असर पड़ा।*

### सीएम धामी ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

*सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को फोन पर निर्देश दिया कि सभी जिलाधिकारियों को एक हफ्ते तक रोजाना अपने क्षेत्रों में जंगल की आग पर नजर रखने के लिए कहा जाए। राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। एक दिन पहले सीएम ने बैठक की थी। वन विभाग ने हर जिले की जिम्मेदारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी है। पौड़ी गढ़वाल को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए डीएम पौड़ी ने एयरफोर्स से भी बात की है। भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर अब श्रीनगर से पानी ले जा रहे हैं और उन पर छिड़काव कर रहे हैं।*

मौके पर पहुंचा बम स्क्वाड

# दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अब गुजरात के अहमदाबाद स्थित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अभी तक करीब 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके लिए गुजरात की अहमदाबाद पुलिस ने बम स्क्वाड टीम को तैनात कर दिया गया है। बीते 1 मई को राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के जिलों में स्थित करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। जिसके बाद दिल्ली-एनसीआर इलाके में स्थित स्कूलों में चारों तरफ अफरा तफरी की स्थिति बन गई थी।



**7 स्कूलों को भेजा धमकी भरा ईमेल:** अहमदाबाद के करीब 7 हाई-प्रोफाइल स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। अहमदाबाद पुलिस ने दिल्ली पब्लिक स्कूल समेत कई स्कूलों से संपर्क किया है। दिल्ली एनसीआर के 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

प्रदेश की सबसे चर्चित सीट, जहां हमेशा दिग्गज रहते हैं चुनावी मैदान में

# विदिशा में जीत का अंतर बढ़ाने चुनाव में कोई कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहते पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व सांसद भी प्रचार में नहीं पीछे

बनते-बिगड़ते समीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

▸ कांग्रेस उम्मीदवार अपने दो कार्यकाल में किए गए विकास कार्य याद दिला रहे हैं तो भाजपा उम्मीदवार का नाम ही काफी, साथ में मोदी फैक्टर

प्रदेश की सबसे चर्चित रहने वाली विदिशा लोकसभा सीट पर इस बार प्रदेश के काफी लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं, जिन्हें अपनी लाड़ली बहनों से काफी उम्मीद है। कांग्रेस के उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा अपने पिछले कार्यकाल की जनता को याद दिला रहे हैं।

चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में उन्होंने प्रचार में काफी ताकत दिखाई, लेकिन कोई दिग्गज की सभा या रैली यहां नहीं हो पाई। कांग्रेस को अंतिम दिनों में इस सीट पर समीकरण बदलने की पूरी उम्मीद थी। वहीं भाजपा को किसी भी समीकरण के बिगड़ने की कोई उम्मीद नहीं है। इसको लेकर कांग्रेस अभी भी दावा कर रही हैं कि इस चुनाव में पुराने सभी समीकरण बिगड़ चुके हैं और भाजपा अपने पुराने समीकरण नहीं बना पाई है। वहीं भाजपा ने दावा किया है कि यहां कोई समीकरण नहीं बिगड़े हैं और पिछले चुनाव में मिले वोटों के अंतर को बढ़ाने के लिए पूरा चुनाव प्रचार किया गया है। इसको लेकर जनता ने भी अपना फीडबैक दे दिया है।

भाजपा के प्रचार में शिवराज सिंह चौहान स्वयं लगातार दौरे करते रहे और उनकी पत्नी व बेटा भी पूरे समय यहां पर मौजूद हैं। वैसे यह लोकसभा सीट देश में हमेशा चर्चा में रहती है, क्योंकि यहां चुनावी मैदान में हमेशा भाजपा के दिग्गज ही रहते हैं। रामनाथ गोयनका व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज जैसे नेता यहां से जीते थे। जबकि आठ विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में सात सीटें जीतीं, जो उसके प्रभुत्व का संकेतक है। चौहान स्थानीय मुद्दे उठा रहे हैं और सर्वधर्म सद्भाव पर बात कर रहे हैं।

## संसदीय क्षेत्र में इस बार भी जातीय समीकरण का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा



विदिशा लोकसभा क्षेत्र में इस बार भी जातीय समीकरण का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। भाजपा को हमेशा की तरह इस बार भी किसी समीकरण के बिगड़ने की उम्मीद नहीं है। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा अपने नए समीकरण बनाने में व्यस्त हैं। शिवराज सिंह चौहान के लिए मुख्य चुनावी मुद्दा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में 18 वर्षों में महिलाओं और बच्चों के लिए उनके द्वारा शुरू की गई योजनाएं हैं। उनकी रैलियों में लाड़ली बहनों की मुस्कान भैया शिवराज सिंह चौहान और भांजे-भांजियों के सपनों की उड़ान, मामा शिवराज सिंह चौहान जैसे पोस्टर लगे हैं। यहां तक कि रथ से भाषणों में भी वह लोगों को आश्वासन देते हैं कि उन्हें सब कुछ मिलेगा, क्योंकि उनका भाई उनके लिए काम कर रहा है। वह आपका सपना पूरा करेगा।

### कांग्रेसियों का घर-घर दौरा



कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा के अनुसार समीकरण नए समीकरण बनाने के लिए उनके कार्यकर्ता हर घर का दौरा करते रहे। मुसलमानों को गले लगाने या धनबल के प्रदर्शन से कुछ नहीं होगा। मैं पूर्व सीएम से पूछना चाहता हूं कि 18 साल तक सीएम रहते हुए उन्होंने विदिशा के लिए क्या किया। विदिशा का सबसे पिछड़ा जिला होना दर्शाता है कि शिवराज प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। इसलिए इस बार हर हाल में समीकरण उनके बिगड़ चुके हैं। 33 साल पहले अपना आखिरी चुनाव जीतने वाले शर्मा ने चौहान की ओर इशारा करते हुए कहा कि देखिए वह विदिशा की गलियों में घूम रहे हैं, लेकिन चौहाना समीकरण बिगड़ेगा और उनका समीकरण बनेगा।

### सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट

विदिशा लोकसभा को मध्य प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट भी कहा जाता है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं यहां से पूर्व विदेश मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रहीं सुषमा स्वाराज भी चुनाव लड़ चुकी हैं। लंबे वक्त तक मध्य प्रदेश के सीएम रहे शिवराज सिंह चौहान के लिए भी इस सीट को पूरे प्रदेश की राजनीति में जाना जाता है। प्रदेश की राजनीति के कई दिग्गज चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें राघवजी का नाम भी शामिल है, जो मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री रहे हैं। इसलिए कांग्रेस उम्मीदवार इस अपने प्रचार में किसी प्रकार का कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यहां पर आठ विधानसभा सीट हैं, जिनमें भोजपुर, सांची, सिलवानी, विदिशा, बासौदा, बुधनी, इच्छावर और खातेगांव शामिल हैं। विदिशा लोकसभा सीट को रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिले के हिस्सों को शामिल किया गया है। इस सीट पर अगर पिछले चुनाव की बात की जाए तो यहां से 2019 में भाजपा से रमाकांत भार्गव को टिकट दिया गया था। जबकि कांग्रेस से शैलेंद्र पटेल मैदान में उतरे थे। इस चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ने कांग्रेस के उम्मीदवार को करीब 5 लाख वोटों के भारी भरकम अंतर से हराया था।

# आईपीएल में सट्टा लगवाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी से पास से छह लाख 97,000 हजार रुपए बरामद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगुजा

सरगुजा जिला के अंबिकापुर में आईपीएल मैच के दौरान लाखों करोडों का सट्टा लगवाने वाली एक महिला और एक युवक को विशेष पुलिस टीम व अंबिकापुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से पास से छह लाख 97,000 हजार रुपए नगद बरामद किया गया है। आरोपियों द्वारा मोबाइल में sky-inplay.com का लिंक भेजकर अवैध सट्टा पट्टी खिलाने का काम किया जा रहा था।

मामले में शामिल मुख्य महिला आरोपी को धारा 41 जा. फौ. का नोटिस देकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।अवैध ऑनलाइन सट्टा क़े मामले मे शामिल अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है,पुलिस ने जल्द ही सभी आरोपीयों के गिरफ्तार होने की बात कही है। 4 मई को अंबिकापुर कोतवाली पुलिस टीम को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए महामाया चौक के पास महामाया रोड अम्बिकापुर मे रेड कार्यवाही कर संदिग्ध युवक विकाश सोनी को पकड़कर पूछताछ किया गया।

## 6 वर्षीय बच्चे ने 10 का सिक्का निगला, डॉक्टरों ने बड़ी मशक्कत के बाद निकाला, बच गई जान



**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज में खेलते-खेलते 6 वर्षीय बच्चे ने 10 का सिक्का निगल लिया। बच्चा मोबाइल देखने में इतना मगन हो गया कि कब वह सिक्का निगल लिया पता नहीं चला। सिक्का निगलने के चार घंटे बाद जब उसकी मां काम करके घर आई तो बहुत पूछने पर उसने बताया कि 10 का सिक्का निगल लिया है। जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में दिखाया गया परंतु डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार के दोपहर 12 बजे के करीब आर्यश कश्यप उम्र 6 वर्ष घर में खेल रहा था इसी दौरान बिस्तर के नीचे उसे 10-10 के दो सिक्के मिले, जिसमें से वह एक सिक्का अपने मुंह में रख लिया और मोबाइल देखने में मग्न हो गया मोबाइल देखते-देखते कब सिक्का वह निगल लिया उसे पता नहीं चला। पिता भी उसके साथ थे परंतु डर के कारण वह नहीं बताया। जब उसकी मां शीला कश्यप काम करके शाम 4 बजे घर में आई तो उसने बताया कि वह 10 का सिक्का निगल गया था जो गले में अटका है और दर्द कर रहा है। इसके बाद तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया वहां से डॉक्टरों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में 12 बजे रात में पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सुबह 9 बजे ऑपरेशन करने की बात कही परंतु 9:35 में बिना ऑपरेशन के डॉक्टर के द्वारा सिक्का निकाल लिया गया। जिससे स्वजनों ने राहत की सांस ली।

प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान आज, पोलिंग पार्टियां पहुंचीं मतदान केंद्रों पर

# मतदान केंद्रों पर वोटरों को मिलेगा शरबत व छाछ ठंडी हवा के लिए कूलर, दवाइयों की रहेगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में कल 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। इसके लिए आयोग ने भी तैयारी पूरी कर ली है। मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम भी किए गए हैं। जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि इसके साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थाएं की गई हैं। 9 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान होगा। इसमें भोपाल सहित, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल लोकसभा क्षेत्र शामिल है।

» *लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी की तैयारियां*

» *बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी*

### कर्मियों के लिए भी उचित व्यवस्था



7 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाले मतदान के लिए सोमवार यानी 6 मई को मतदान दल सभी 20 हजार 456 मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगा। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पोलिंग पार्टियों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी छाया, ठंडा पानी, दवाइयां, बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### उत्साह के साथ करें मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रदेश के सभी 9 संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्रों पर आये मतदाओं को गर्मी में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## भोपाल में 2097 पोलिंग बूथ, जिला बल के 2200 पुलिस कर्मी तैनात

मप्र के सभी 9 लोकसभा सीटों सहित राजधानी में तीसरे चरण के चुनाव के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। भोपाल में कुल 2097 पोलिंग बूथ पर मतदान होना है। सुरक्षा के लिहाज से 2200 जिला बल के पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा पैरामिलिट्री फोर्सेस की 9 कंपनियां डिप्लॉय की गई है। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद एफएसटी और एसएसटी की टीम निगरानी रखेंगे। पुलिस के सभी अधिकारी भी 48 घंटे तक अलर्ट मोड पर रहेंगे। मतदान के दौर संवेदनशील मतदान केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरा के जरिए वेब कास्टिंग की जाएगी। इसके लिए एक सेंट्रल कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

### होटल-गेस्ट हाउस में पुलिस की सर्चिंग तेज

तीसरे चरण में भोपाल सहित 9 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। चुनाव प्रचार की अवधि खत्म होने के बाद पुलिस की टीम सक्रिय हो गई है। चुनाव आयोग के नियम के मुताबिक चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद कोई भी बाहरी व्यक्ति नहीं रह सकता है। इसकी पड़ताल के लिए पुलिस ने होटल और गेस्ट हाउस में सर्चिंग तेज कर दी है।

### बाहरी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

7 मई को भोपाल लोकसभा सीट पर चुनाव होना है। सोमवार से भोपाल के आसपास के क्षेत्र को सील कर दिया जाएगा। जरूरी वाहनों को ही सिर्फ आने की अनुमति रहेगी। इसके अलावा जिनके पास भोपाल में प्रवेश का सही कारण होगा, उन्हें रोका नहीं जाएगा। इसके अलावा भारी वाहनों को भी शहर के बाहर से ही डायवर्ट किया जाएगा। वहीं चुनाव के मध्य नजर रखते हुए एफएसटी और एसएसटी टीम भी निगरानी करेंगी।

## वोट का निशान दिखाओ, निजी अस्पतालों में फ्री ओपीडी पाओ

1100 ई-रिक्शा संचालक 7 मई को मतदान के लिए देंगे निःशुल्क सफर की सुविधा

मुरैना जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर अनूठी पहल की है। 7 मई को मतदान के दिन जिले में सभी निजी चिकित्सालयों में डाक्टर निःशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान करेंगे। वहीं जिले में संचालित करीब 1100 ई-रिक्शा संचालक मतदाताओं को घर से मतदान केन्द्र व मतदान केन्द्र से वापस घर छोड़ने का काम निःशुल्क करेंगे। इसके लिए मतदाताओं को जाते समय मतदान केन्द्र क्रमांक व वापसी में अंगुली पर अमिट स्याही का निशान दिखाना होगा। मुरैना जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारतीय मजदूर संघ से भी सहयोग मांगा है। संघ के पदाधिकारियों ने मतदान के महापर्व के मौके पर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

**केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च और चैकिंग:** लोकसभा चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च किया गया, ताकि असंवैधानिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा व्यवस्था का आभास हो सके।

## जिद करो वोट करो, अपील लिखी उड़ी पतंगें

सेवा संकल्प युवा संगठन ने 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत में रविवार को हनुमान टेकरी एवं पुराने शहर के बरखेड़ी में युवाओं ने मतदान की अपील के स्लोगन लिखी पतंगें तैयार कर उड़ाई गईं। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि प्रदेश में पहले दो चरणों के चुनाव में मत प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में काफी कम रहा है, जो लोकतंत्र के लिये चिंता का विषय है। इसी को देखते हुए संगठन युवाओं ने इस बार अनोखा प्रचार पतंग के माध्यम से किया, जिससे वह मतदान के प्रति जागरूकता दिखाएं और भोपाल का मतदान शत प्रतिशत करें।

### युवाओं ने 3 दिन में तैयार की 100 से अधिक पतंगें

मालवीय ने बताया कि संगठन के द्वारा निरंतर मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें युवा उत्सह के साथ अभियान से जुड़ रहे है पतंगों पर लिखे गये स्लोगन, जिसमें मतवाले होकर मतदान करें, भोपाल करेगा वोट, लोकतंत्र का पर्व मनाएं, हम करेंगे वोट, जिद करो, वोट करो लिखे थे। यह स्लोगन संगठन के यश जैन, प्रमोद मालवीय, प्रियंक जैन, सुमित मालवीय के द्वारा लिखे गए।

### फर्स्ट टाइम वोटरों को मिलेगा उपहार

अभियान के तहत संगठन के द्वारा 7 मई को सुबह भोपाल के सबसे बड़े पोलिंग बूथ बरखेड़ी के रशीदिया स्कूल पर प्रथम बार वोट करने वाले युवाओं को पोलिंग बूथ के बाहर वोट का निशान दिखाने पर उपहार दिया जाएगा। वहीं 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों को वोट डालने पर संगठन द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया जाएगा।

### सीहोर में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर बनाया गया दो बेड का मिनी आईसीयू

लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 19 भोपाल में 7 मई को मतदान होना है। भोपाल लोकसभा क्षेत्र के अधीन सीहोर जिले में 6 मई को मतदान दल मतदान केन्द्रों की ओर रवाना होंगे। सीहोर में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर दो बिस्तरीय मिनी आईसीयू भी स्थापित किया गया है, जिससे किसी भी मतदान कर्मी को स्वास्थ्य उपचार की आवश्यकता पड़ने पर उसे तत्काल मेडिकल हेल्प मुहैया कराई जा सकें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकार अनुपम राजन ने बताया कि तीसरे चरण के मतदान वाले सभी लोकसभा क्षेत्रों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान सामग्री वितरण स्थल सहित सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, दवा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

सूरजपुर जा रही थी बस, ग्राम भेड़िया के पास हुआ हादसा

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा में शामिल होने जा रही बस पलटी, 15 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर





भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा में शामिल होने सरगुजा से सूरजपुर जा रही बस मार्ग में ग्राम भेड़िया के पास अनियंत्रित हो कर पलट गई। इस घटना में 15 लोग घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वस्थ्यकेन्द्र धौरपुर में भर्ती कराया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा में शामिल होने बस धौरपुर थाना के ग्राम सपड़ा के सरईपानी से पहाड़ी कोरवाओ को लेकर सूरजपुर जा रही थी। बस में पहाड़ी कोरवा परिवार से लगभग 30 लोग सवार थे। बस ग्राम भेड़यिा के पास अचानक अनियंत्रित हो कर पलट गई। इसमें 15 व्यक्ति घायल हुए, जिन्हें सामुदायिक स्वस्थ्यकेन्द्र धौरपुर लाकर भर्ती किया गया।

घायल रमेश (35) पुत्र रिझन, बुल्लू (30) पुत्र सुदामा, रीझन (60) पुत्र बंसी, लूटन (25), रेनू (60), पुर्रे (60) पुत्र ठूठलु, फागु (50) पुत्र बिसना, दिलीप (21), मोहर साय (21) और कैलास (50) निनासी नागेसिया ग्राम सपड़ा घायल हैं, जिन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, रैकु (55) पुत्र नट्टू, एतवा (70) पुत्र कूदन, बृजलाल (35) पुत्र लूरका, लूरका पुत्र मंगरु की हालत को देखते हुए भर्ती रखा गया है।

## बोरे में बंद मिली महिला की लाश, जांच में जुटी पुलिस



**बालोद।** गुरुर थाना क्षेत्र के तितुरगहन गांव में बोरे में बंद एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। महिला का नाम छोटी साहू पत्नी रामखिलावन साहू बताया जा रहा है। वह ग्राम रमतरा की रहने वाली थी। सीएसपी राजेश बागड़े ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम तितुरगाहन के पास बोरे में कोई लाश फेंककर गया है। ग्रामीणों की मौजूदगी में बोरे को खोलने पर महिला की लाश का शिनाख्त हो पाई है। पुलिस अधिकारी राजेश बागड़े ने बताया कि महिला के शिनाख्त होने के बाद पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई, तब पता चला कि महिला कल धमतरी जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वह तब से लापता थी और आज सड़क के किनारे बोरे में उसकी लाश मिली है। पुलिस द्वारा महिला के परिजनों सहित सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। छोटी साहू रामखिलावन की दूसरी पत्नी थी। धमतरी जाने के बाद वो किसे मिली या आसपास थी वो जांच के बाद पता चल पाएगा। हत्या के इस मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, महिला के सभी संपर्क में रहने वाले लोगों से पूछताछ और खोज भी की जा रही है।

प्रशासन की अनूठी पहल, पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों में दिख रहा अद्भुत उत्साह

# पारंपरिक नृत्य एवं घर-घर जाकर लोगों को चावल और साल के पत्ते पर मतदान की तिथि लिख कर दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



रामनुजगंज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह हैं। जिला प्रशासन जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारियों में जुटा हुआ है। स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को जागरूक करने विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों का अद्भूत उत्साह देखने को मिल रहा है, ये लोग अपने पारंपरिक नृत्य एवं रिति रिवाजों के अनुरूप घर-घर जाकर लोगों को चावल(अक्षत) एवं साल के पत्ते पर मतदान की तिथि एवं समय अंकित कर मतदान के लिए न्यौता दे रहे हैं।

### मतदान केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं को बताया

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निर्देशानुसार जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वाले चिन्हांकित बसाहटों में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत पारंपरिक नृत्य एवं रंगोली के माध्यम से मतदाओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरलता से जीवन-यापन करने वाले इन विशेष पिछड़ी समुदाय के लोगों को घर-घर जाकर आगामी लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सक्रिय महिला एवं पुरूष सदस्यों द्वारा मतदान तिथि, मतदान केन्द्र, तथा मतदान केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। गौरतलब है कि स्वीप नोडल एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लगातार मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को घर-घर जाकर पारंपरिक तरीके से अक्षत, साल के पत्ते पर मतदान की तिथि एवं समय अंकित कर लोगों को मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

# दहकते अंगारे जैसी लग रही धूप

## शुष्क मौसम में पारा 40 डिग्री के पार

**जबलपुर। पिछले तीन दिनों से मौसम के मिजाज तल्ख है। पारा 40.9 डिग्री पर स्थिर है। शुष्क मौसम में रात का पारा भी औसत के ऊपर निकल गया। दिन में गर्म लू के थपेड़े सड़कों पर निकलना मुश्किल कर रहे हैं। चहकते अंगारे जैसी लगने वाली धूप पल भर में शरीर को पसीने से नहला देती है। दिन में तेज धूप में पसीना बह रहा है तो रात में उमस बेचैन कर रही है। मौसम विभाग की मानें तो अभी पारा 40 से 42 के बीच ही चलेगा। पश्चिमी हवाओं के कारण मौसम एकदम शुष्क हो गया है। बेहद तीखी गर्मी के बीच दिन में लू के थपेड़े अब शरीर को झुलसाने लगे हैं।**



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिणी उत्तरप्रदेश और उत्तरी मध्यप्रदेश के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में हवा के कम दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है, इसकी वजह से बीच-बीच में हल्के बादल आ रहे हैं। इसके बावजूद पारा उछाल ले रहा है। फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 28.03 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 36 प्रतिशत और सायंकाल 20 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.33 पर और सूर्यास्त शाम 6.41 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 43.7 डिग्री तापमान दतिया में दर्ज किया गया। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 6 से 7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 36.4 और न्यूनतम तापमान 21.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## मौसम की मार से ओपीडी में बढ़ी भीड़

# उलटी दस्त जुकाम के मरीज बढ़े

**जबलपुर।** मौसम कभी भीषण गर्मी के रूप दिखा रहा है। कभी बारिश का नजारा है तो कभी ठंड का झोंका आ रहा है। मौसम की मार का असर अब शहरवासियों के स्वास्थ्य पर नजर आ रहा है। विक्टोरिया अस्पताल की ओपीडी में अब उल्टी, दस्त, सर्दी जुकाम के मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि लगातार पड़ रही तेज धूप और मौसम में हो रहे अचानक परिवर्तन के कारण लोगों की तबीयत खराब हो रही है। जिसके कारण लोग लू की चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा होटल व पार्टी बाहर के खान-पान का असर भी देखने को मिल रहा है। हैवी भोजन के कारण भी लोग उल्टी-दस्त के शिकार हो रहे हैं। विक्टोरिया अस्पताल ही नहीं शहर के अन्य अस्पतालों में भी उल्टी-दस्त और लू के शिकार मरीज पहुंचे रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ओपीडी में भी बड़ी संख्या में मरीज लगातार आ रहे हैं। यहीं हाल ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है पाटन, कटंगी, नटवारा, मझौली स्वास्थ्य केन्द्राW में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डीवीडी वार्ड में बढ़े मरीज डीवीडी वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उल्टी-दस्त के शिकार मरीज भर्ती चल रहे हैं। डॉक्टर डॉ अमिता जैन का कहना है कि, इस समय हल्का भोजन करना चाहिए अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। रात के समय कम से कम खाने की आदत डाले, बाहर लगी खुले में बिक रही खाद्य सामग्री से बचे।



# गर्मी के मौसम में बिजली बिल को नियंत्रित करने के आसान उपाय एवं जानकारी



जबलपुर।

वितरण कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से कहा कि वे गर्मी के मौसम में बिजली बिल नियंत्रित रखने हेतु दिए जा रहे आसान उपाय और जानकारियां अपनाकर बिजली और बिल की राशि दोनों में बचत कर सकते हैं। दिन में सूर्य के प्रकाश का अधिकतम उपयोग करें तथा गैर-जरूरी पंखे, लाईट इत्यादि उपकरणों को बंद रखें। विशेषतः कार्यालयीन समय में भोजनावकाश के दौरान, घर से बाहर एवं कक्ष से बाहर जाते समय, ध्यानपूर्वक समस्त प्रकाश, पंखे एवं कंप्यूटर मॉनिटर इत्यादि को बंद करें चाहे आप थोड़े समय के लिए ही क्यों न बाहर जा रहे हों। अपने साथियों, सहकर्मियों, अधीनस्थ कर्मचारियों एवं परिवार को प्रोत्साहित करें कि वे दिन के समय विद्युत का कम से कम उपयोग करें। घरों में उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रयोग यथासंभव एक साथ न करें क्योंकि ऐसा करने से घर की वायरिंग में विद्युत क्षति बढ़ जाती है। वार्षिक विद्युत खपत का लगभग 9 प्रतिशत केवल प्रकाश व्यवस्था पर खर्च होता है। अतः विद्युत का उपयोग अति आवश्यक अवसरों पर करने पर विद्युत खर्च में लगभग 20 प्रतिशत की कमी की जा सकती है। ब्यूरो आफ एनर्जी इफिशिएंसी द्वारा प्रमाणित कम से कम तीन सितारा चिन्हित ऊर्जा दक्ष उपकरणों का क्रय करने से ऊर्जा खपत कम की जा सकती है। अप्रमाणित उपकरण क्रय करते समय सस्ते हो सकते हैं किंतु इनमें बिजली खपत अधिक होती है एवं कुछ अंतराल के पश्चात ये महंगे साबित होते हैं। इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे टी.वी. को स्टैण्डबाई मोड पर न रखने से 1 वर्ष में लगभग 70 यूनिट विद्युत की बचत हो सकती है।

## पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा

# जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति पर उपयंत्रियों को नोटिस

**जबलपुर।** गर्मी के मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा हेतु सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में अधिकारियों को समस्यामूलक ग्रामों में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये तथा प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही करने की हिदायत दी गई। श्रीमती सिंह ने कुण्डम जनपद के ग्राम पंचायत सरौली तथा जबलपुर जनपद के ग्राम सिलुआ पड़रिया की पेयजल से जुड़ी शिकायत का निराकरण न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संबंधित उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने नल जल योजनाओं की विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों का सन्तोषजनक निराकरण नहीं किये जाने पर भी नाराजी जाहिर की तथा आगामी बैठक के पहले सभी शिकायतों का निराकरण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा भी की गई। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों से कहा कि ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें जो कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शहपुरा एवं मझौली में पदस्थ उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। श्रीमती सिंह ने जलजीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों में रोड रिस्टोरेशन के काम में गति लाने की हिदायत भी दी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के कार्यों में गति लाने, प्री-मानसून गतिविधियां समय सीमा में पूर्ण किए जाने, सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का आवेदकों की संतुष्टि के साथ निराकरण करने तथा मनरेगा अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों में अधिक से अधिक श्रमिकों का नियोजन करने के निर्देश सबंधित अधिकारियों को दिये गये। जिला पंचायत सीईओ ने ग्रे वाटर मैनेजमेंट अंतर्गत जनपद पंचायत कुण्डम में निर्माणाधीन कार्यों की धीमी प्रगति पर भी अप्रसन्नता व्यक्त की।



## कुल 62 उम्मीदवार मैदान में डटे, 13 मई को मतदान

# हाई कोर्ट बार चुनाव : किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस

जबलपुर।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव में सोमवार, छह मई को नाम वापसी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। इस तरह नामांकन प्रपत्र जमा करने वाले सभी 62 उम्मीदवार मैदान में डटे हुए हैं। सोमवार, 13 मई को उनका भाग्य मतपेटियों में बंद हो जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा सहित सात उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। अन्य प्रत्याशियों में पूर्व अध्यक्ष रमन पटेल, डीके जैन, सुनील चौबे, केके पांडे, प्रवीण वर्मा व आनंद चावला शामिल हैं। इसी तरह सचिव पद पर निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी के अलावा असीम त्रिवेदी, अशोक कुमार गुप्ता व ओपी अग्निहोत्री के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला है।उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए ये उम्मीदवार हैं मैदान मेंउपाध्यक्ष पद के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, इनमें देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रकाश गुप्ता, मुकेश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पटेल, योगेश मोहन तिवारी, घनश्याम पांडे, प्रमेन्द्र सेन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार मिश्रा, विश्वास पलिया, अमित जैन, शम्भुदयाल गुप्ता, प्रशांत अवस्थी व अनीता कैथवास शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए योगेश सोनी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, लवकुश मिश्रा, दीपक सिंह मैदान में है। कोषाध्यक्ष पद के लिए संगीता नायडू, राजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र खरे, धर्मेन्द्र कुमार पांडे व पुस्तकालय सचिव पद के लिए अजय शुक्ला, पुष्पेन्द्र वर्मा, रजनीश उपाध्याय, अमन शर्मा मैदान में है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए गरिमा तिवारी, विनोद मिश्रा, हरीश शुक्ला, राजरूप पटेल, प्रेमनारायण वर्मा, कृष्णकुमार द्विवेदी, विवेक कुमार पांडे, अनुराग पटेल, शेषमणि मिश्रा, तीरथ प्रसाद जायसवाल, मुनेन्दर, सुनील कुमार गौतम, सपना तिवारी, अतुल सिंह भारद्वाज, प्रियंक चंसोरिया, नीरज पाठक, मनोज कुशवाहा, संदीप कुमार दुबे, अनुपम भट्ट, संजय कुमार मालवीय, रविन्द्र प्रताप सिंह, आजाद श्रीवास्तव, डा. वीरेन्द्र कुमार दुबे, स्मिता कहेरी व रूपेश सिंह ने अपने नामांकन प्रपत्र जमा किए हैं।



# गर्भवती महिला के इलाज में लापरवाही

## नोटिस के सात दिन बाद भी नहीं दिया जवाब!

**जबलपुर।** कुंडम की गर्भवती महिला के इलाज में गंभीर लापरवाही के मामले में रानी दुर्गावती चिकित्सालय (एल्गिन) अस्पताल को नोटिस दिया गया था जिसमें तीन दिन बाद जवाब मांगा गया था। लेकिन 07 दिन से अधिक गुजरने के बाद भी अस्पताल अधीक्षक ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया है। जिसके चलते अब अस्पताल के गलियारों में चर्चा है कि अधीक्षक अपने स्टॉफ को बचाने की कवायद में जुटी हैं। इसी कवायद के क्रम में उन्होंने नोटिस का जवाब नहीं दिया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व कुण्डम से प्रसव के लिए आशा कार्यकर्त्ता द्वारा एक गर्भवती महिला को लाया गया था। लेकिन डयूटी डॉक्टरों ने हाई रिस्क केस बताकर उसे भर्ती नहीं किया था। आरोप यह भी लगा कि ब्लड भी नहीं दिया गया, जिसके कारण प्रसूता की हालत बिगड़ी। तब डीपीएम विजय पांडे को फोन पर सूचना दी, तो उन्होंने किसी तरह प्रसूता को भर्ती कराया था। कुछ समय बाद भोपाल से महिला अधिकारी आईं तो उन्होंने इस मामले में अस्पताल अधीक्षक को नोटिस दिया था कि, तीन दिन के अंदर जवाब दिया जाए, लेकिन 8 दिन से ज्यादा हो चुके हैं कोई जवाब पेश नहीं किया गया है।

## जिला प्रशासन करा रहा सर्वे, शीघ्र होगी कार्रवाई

# नर्मदा तटों के किनारे अवैध निर्माण हटाने की तैयारी

जबलपुर।

नर्मदा के तटों को सुरक्षित रखने और नर्मदा के प्राकृतिक संरक्षण के लिए हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2008 के बाद नर्मदा नदी के 300 मीटर परिधि में निर्माण कार्य पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। वहीं नर्मदा नदी के किनारे अतिक्रमणों पर रोक लगाने के निर्देश भी हाईकोर्ट ने दिए। कुछ दिनों तक प्रशासन सख्त रहा फिर बाद में वहीं रवैया हो गया। आलम यह है कि नर्मदा नदी के 300 मीटर के दायर में न केवल संत महात्माओं के आश्रम, बल्कि होटल, रिसॉर्ट भी तैयार हो गए। इस बीच जिला प्रशासन द्वारा फिर कार्रवाई शुरु की गई हैं। हाल ही में नर्मदा के मंगेली तट पर एक महंत द्वारा बनाए गए आश्रम व गौशाला को अवैध करार देते हुए जिला प्रशासन ने 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है वहीं दूसरी ओर महंत को तीन दिन के अंदर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए गए। समय सीमा आज समाप्त हो गई। कहा जा रहा है कि अब जिला प्रशासन का बुल्डोजर नर्मदा तटों के किनारे जमे अतिक्रमण को हटाने के लिए गरजेगा।

### अतिक्रमण की बन रही कुंडली

सूत्रों के मुताबिक जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को नर्मदा के दोनों तटों पर अतिक्रमण की सूची बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप का माहौल बना हुआ हैं। जिला प्रशासन ने सर्वे का काम पूरा हो गया है, जिसमें नर्मदा तट के 300 मीटर की परिधि में लगभग 34 एकड़ से ज्यादा जमीन पर निर्माण किए गए। इसमें दो एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया गया। इन अतिक्रमणों को सूचीबद्ध कर लिया है शीघ्र ही इन पर बुल्डोजर चलेगा।

### शासकीय भूमि पर किया अवैध निर्माण

यहां पर लगभग 41 अवैध निर्माण निजी भूमि पर किए गए तो वहीं 34 अवैध निर्माण शासकीय भूमि पर किए गए। इतनी संख्या में निर्माण होने के बाद भी तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे कागज तक ही रखा। न तो इनके खिलाफ अब तक कोई बड़ी कार्रवाई की गई और न ही इन्हें हटाया गया। अब जब कलेक्टर के निर्देश पर सर्वे किया जा रहा है तो सारी हकीकत सामने आ गई है।

### सर्वाधिक निर्माण गोरखपुर तहसील में

नर्मदा के दोनों तटों पर 300 मीटर के दायरे में किए गए निर्माणों का एक बड़ा हिस्सा जबलपुर जिले की सीमा में नर्मदा तट पर गोरखपुर तहसील में आता है। गोरखपुर एसडीएम और तहसीलदार को इन तटों के अवैध निर्माण की सूची बनाने और उन पर कार्रवाई करने कहा गया है। गोरखपुर तहसील के गौरीघाट, जिलहरीघाट, भेड़ाघाट, धुंआधार के 300 मीटर के दायरे में मकान, होटल और रिसोर्ट भी बन गए है। इन निर्माणों के साथ-साथ निजी भूमि और सरकारी भूमि पर भी कब्जा कर लिया गया है।

### साढ़े नौ हेक्टेयर पर अवैध निर्माण

जबलपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले नर्मदा तट से जुड़े क्षेत्र मंगेली, घाना, घुंसौर, खिरहनी, सिवनी टोला, सिलुवा, समद पिपरिया, जोतपुर, नारायणपुर और लम्हेटी से लगे नर्मदा तट के 300 मीटर की परिधि में सबसे ज्यादा अवैध निर्माण हुए। इनमें कईयों ने पक्का आश्रम बना लिया तो कईयों ने मकान तान दिए। इतना ही नहीं इसमें निजी जमीन पर आश्रम, रिसोर्ट, फार्महाउस से लेकर रिसोर्ट तान दिए गए। प्रशासन के मुताबिक जबलपुर तहसील में लगभग 8.9 हेक्टेयर यानि 22 एकड़ नर्मदा तट से लगी निजी जमीन पर निर्माण हुआ। वहीं लगभग एक एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया, अब इन्हें हटाने की तैयारी की जा रही है।



# दो प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** संयुक्त कलेक्टर व खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नदीमा शीरी के निर्देशन में भोपाल रोड स्थित बिट्टू ढाबा में खाद्य विभाग की टीम ने कार्यवाही की। इस दौरान 6 एचपीसीएल के 14.2 केजी के गैस सिलेंडर भट्टी से संलग्न कर खाना बनाया जा रहा था। इसी प्रकार वैभव रेस्टोरेंट भोपाल रोड में 2 एचपीसीएल के सिलेंडर जप्त कर कार्यवाही की गई। गैस भट्टी रेस्टोरेंट के संचालक तथा गैस सिलेंडर गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिए गए।

## पेट्रोल पंप समूह के पदाधिकारियों के साथ बैठक

# शहर को सुन्दर एवं आकर्षक स्वरूप देने हम-आप की है जिम्मेदारी: निगमायुक्त



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर को सुन्दर बनाने के साथ-साथ स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान एवं सर्वेक्षण के पूर्व जिनके द्वारा शहर हित में निगम प्रशासन को बेहतर काम करके बतायेगा उन सभी को एक सम्मानित मंच पर बुलाकर उन्हें सम्मानित किया जायेगा। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने पेट्रोल पंप समूह के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने यह भी विचार प्रगट किया कि आप सभी लोग शहर के बहुत ही प्रतिष्ठित एवं नामचीन लोग हैं, सभी से अनुरोध है कि अपने नाम और प्रतिष्ठा के अनुरूप शहर में सिटी ब्यूटिफिकेशन, फायर सेफ्टी के साथ-साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के पूर्व एवं सर्वेक्षण के दौरान बेहतर कार्य करें और शहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायें। संवाद कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे, भूपेन्द्र सिंह, आदित्य शुक्ला, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, सहायक यंत्री सुनील दुबे, सत्येन्द्र दुबे, संजय सिंह, अजय लवाना, के साथ सांई आटो मित्र पेट्रोल पंप, सरोज अग्रवाल एंड संस, मेसर्स रतन चंद अग्रवाल एंड संस, अग्रवाल पेट्रोलियम कम्पनी, दत्त बिल्डर्स, पचोरी पेट्रोल पंप, सुमेरू आटो, आदि के प्रतिनिधिगण विशेष रूप से संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहकर संकल्प लिया कि सिटी ब्यूटिफिकेशन एवं फायर सेफ्टी के क्षेत्र में उनके द्वारा निश्चित रूप से उत्कृष्ट कार्य किये जायेगें।

### अमखेरा लेमा गार्डन क्षेत्रों का निरीक्षण

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा अमखेरा क्षेत्र के नर्मदा नगर का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया गया और नाला, नालियों की सफाई के साथ-साथ मुख्य मार्गे एवं कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने लेमा गार्डन स्कूल में संजीवनी क्लीनिक की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि लेमा गार्डन स्थित निगम स्वामित्व की भूमि पर विश्वनाथ गैस एजेन्सी द्वारा अनाधिकृत रूप से लोडिंग अनलोडिंग का कार्य किया जा रहा था, जिसके विरूद्ध चालानी कार्रवाई के साथ-साथ वैधानिक कार्यवाही करेन के निर्देश निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के मौके पर संभागीय अधिकारी सुदीप पटैल, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, संभागीय यंत्री, उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगो के प्रमाणपत्र बनाने रेलवे द्वारा शिविर का आयोजन आज

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा दिव्यांगजनो की सुविधा के लिए शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य के माध्यम से रियायत प्रमाण पत्र बनाकर देने की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है. इस शिविर में दिव्यांग या उनके प्रतिनिधि आवश्यक प्रमाण पत्र देकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। सीनियर डीसीएम श्री विश्व रंजन ने बताया कि दिव्यांगो को अपने विकलांग प्रमाण पत्र के आधार पर रेल रियायत का रेल कार्ड बनाने की प्रक्रिया के लिए मंडल कार्यालय से संपर्प करना पड़ता था जिससे उन्हें आने जाने में कठनाई होती थी. इस सम्बन्ध में जबलपुर मंडल रेल प्रशासन एक दिवसीय दिव्यांगजन सहायता शिविर मंगलवार 07 मई को सुबह 10 बजे से शाम 16 बजे तक दमोह स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर आयोजित किया गया है. इसके उपरांत कल 08 मई को सागर स्टेशन पर ये शिविर आयोजित किये जायेगे। इस शिविर में दिव्यांगो को अपनी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म तिथि का प्रमाण पत्र तथा रेल रियायत का चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं दो पास पोर्ट फोटो शिविर में प्रस्तुत करनी होगी. इस शिविर में सभी प्रकार के दिव्यांगो के प्रमाण पत्र के लिए वे स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि उक्त पत्रों के साथ आवेदन पत्र भरकर प्रस्तुत कर सकते है. प्राप्त आवेदनों की जाँच के उपरांत यथाशीघ्र उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगे जिसके आधार पर वे रेलवे आरक्षण केंद्र अथवा आन लाईन टिकिट बुक कर सकेगे।



काल भैरव चौक में पक्षियों हेतु बांधे गए सकोरे

# जल ही जीवन विषय पर व्याख्यान आयोजित

**सिहोरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संख्या स्व सेवा संयोजन समिति सेक्टर 1 की प्रेरणा से नगर विकास प्रस्फुटन समिति क्रमांक 2 की अध्यक्ष सारिका साहू के द्वारा अपने निज निवास स्थान पर स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्या कुमारी की जबलपुर शाखा से प्रशिक्षण प्राप्त कुशल प्रशिक्षक मंडल के नेतृत्व में ग्रीष्म कालीन शिविर( परीक्षा दे हंसते हंसते ) 4 मई तक सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद केंद्र शाखा से रवि नौगरहिया, माया पराड़कर,आभा परांजपे,इंद्रजीत चौहान, मोहन चक्रवेश के द्वारा प्रशिक्षणर्थियों को शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास के कैसे करें विषयों का योग मेडिटेशन रिलेक्सेशन का अभ्यास कराने के लिए प्रेरणा प्रद कहानियों खेल आदि गतिविधियों के माध्यम से बड़ी ही रोचक तरीके से प्रशिक्षित किया गया। समापन सत्र में छात्राओं को भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों को इस मौसम में खान-पान स्वास्थ्य की देखभाल एवं घरों के तापमान को कैसे कम करें ।इन विषयों पर संस्था की मीनू परिहार द्वारा प्रकाश डाला गया। संस्था की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली के द्वारा *जल ही जीवन है* विषय पर व्याख्यान देकर जल का महत्व बताया गया। प्रस्फुटन समिति द्वारा पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था करने प्रेरित करते हुए काल भैरव मंदिर में सकोरे लगाए गये एवं कालभैरव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया ।खुशी साहू,श्रीया साहू,माही साहू,पूर्णिमा साहू, काजल साहू,मनस्वी परोहा,अंतरा खरया,वैष्णवी चौरसीया, गौरी गुप्ता, आन्या रजक,आस्था चौरसीया, रिया श्रीपाल ने कुशलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

अदालत ने सभी आरोपितों को किया दोषमुक्त

## आत्महत्या का आधार सिर्फ क्रूर या अपमानजनक व्यवहार पर्याप्त नहीं

*पति-पत्नी के बीच कभी-कभार कहा-सुनी सामान्य सी बात है, जिसे प्रताडना निरूपित करना अनुचित*

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तिवारी की अदालत ने अपनी टिप्पणी में साफ किया कि सिर्फ क्रूर या अपमानजनक व्यवहार को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला कार्य नहीं माना जा सकता। इस सिलसिले में हाई कोर्ट का न्यायदृष्टांत मार्गदर्शी है, जिसमें महत्वपूर्ण कानूनी सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए इस संबंध में व्यवस्था दी गई है। इस आधार पर आत्महत्या करने वाली पूनम चढार के पति गिरवर चढार सहित अन्य स्वजन राजकुमार बाई व विनोद कुमार चढार को आत्महत्या दुप्रेरण के प्रकरण में दोषमुक्त किया जाता है।

आरोपितों की ओर से अधिवक्ता राजेश यादव, ममता यादव व अमित यादव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूनम चढार का विवाह आरोपित गिरवर चढार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। 29 दिसंबर, 2017 को उसने जहरीली वस्तु खाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद मायके पक्ष ने पुलिस में आत्महत्या दुप्रेरण की शिकायत कर दी। क्रूरतापूर्ण व्यवहार व अपमान का आरोप लगाया। तर्प दिया गया कि इसी वजह से आत्महत्या की गई है। दरअसल, शारीरिक व मानसिक प्रताडना के आरोप में दम नहीं है। पति-पत्नी के बीच कभी-कभार कहा-सुनी सामान्य सी बात है, जिसे प्रताडना निरूपित करना अनुचित है। सास-ससुर व देवर आदि से भी कहा-सुनी हो जाया करती है। इसका यह आशय नहीं कि चूहा मार दवा खाकर कीमती जीवन समाप्त कर लिया जाए। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि मृत्यु से पूर्व पूनम का अपने ससुराल में किसी से विवाद हुआ हो, इस सिलसिले में अभियोजन साक्षी ने किसी तरह की जानकारी न होने का कथन रेखांकित कराया है। उसने घटनास्थल पर न होने की बात भी कही है। ऐसे में यह आरोप लगाना कि पति गिरवर ने पूनम से कहा कि असल बाप की है तो घर में रखी दवाई पी लेना और मर जाना।

### स्वाईल हेल्थ पर प्रशिक्षण

जबलपुर। भारत सरकार द्वारा संचालित पायलट प्रोजेक्ट स्कूल स्वाईल हैल्थ कार्ड प्रोग्राम के तहत सोमवार को रामपुर छापर एवं नरई नाला स्थित एकलव्य स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा स्वास्थ्य, मृदा नमूना एकत्रीकरण, नमूना लेने की विधि, नमूना लेते समय बरतने वाली सावधानियां, मृदा परीक्षण के महत्व एवं उसके लाभ तथा ऐप का प्रयोग करते हुये ऑनलाइन मृदा नमूना एकत्रीकरण की विधि का डेमो दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र ए के सिंह द्वारा छात्रों को प्रायोगिक रूप से नमूना लेने की विधि एवं थैलियों में पैकिंग की विधि से अवगत कराया गया। उप संचालक कृषि रवि कुमार आम्रवंशी द्वारा छात्रों से अपने-अपने खेत से नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजने पर जोर दिया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण परिचय सम्मेलन आयोजित

### खुले मंच से अपना परिचय दिया





**जबलपुर।** ब्राह्मण एकीकृत परिषद द्वारा आयोजित प्रथम युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन कर एक नया इतिहास रच दिया है जबलपुर के मानस भवन परिसर में ब्राह्मण समाज के बच्चों को उचित मंच देकर विभिन्न जिलों से आए उच्च शिक्षित युवक एवं युवतियों ने अपने हमसफर की खोज की। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन अर्चन पश्चात समाज के 10/12 वी में मेरिट उत्तीर्ण बच्चों का सम्मान किया गया। पूर्णतः निःशुल्क आयोजित इस सम्मेलन में 600 से अधिक प्रत्याशियों ने मंच से अपना परिचय दिया जहां 55 से अधिक रिश्तों पर सकारात्मक चर्चाओं का दौर कायम हुआ।

पं अवधेश कुमार उरमालिया राष्ट्रीय महासचिव एवं सी बी त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष ने इस अवसर पर पत्रकारों को बताया कि वर्तमान समय में भारत में भी एकल परिवारों की संख्या बढ़ती जा रही है विदेश में नौकरी करने वाले युवक युवती समाज से लगभग दूर होती जा रहे हैं। उनके अभिभावकों को भी परेशानी का सामना पड़ता है। ब्राह्मण समाज के सभी अभिभावकों को आपस में जोड़ने हेतु अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद ने यह उपयुक्त मंच उपलब्ध कराया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं राजीव शर्मा सेवा निवृत कमिश्नर एवं परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक थे। डॉ विजयकान्त तिवारी प्रदेश महासचिव ने संपूर्ण कार्यक्रम का ओजस्वी शैली में स्वागत भाषण एवं संचालन व्यक्त किया। श्री मती सोनल तिवारी वरिष्ठ प्रदेश महिला प्रकोष्ठ ने इस अवसर पर कहा कि युवक युवतियों को उच्च शिक्षा देने के साथ ही सही उम्र में ही वैवाहिक संबंध जोडे जाएं एवं शादियों में फिजूल खर्ची, दहेज बंद करने पर भी पुरजोर तरीके से बात कही गई।

आयोजन को मूर्त रूप देने में पं हरि शुक्ला सॉफ्टवेयर मैनेजमेंट गुरु का मार्गदर्शन रहा आपने इस अवसर ई वैवाहिक पत्रिका जारी करने की घोषणा की। संपूर्ण वैवाहिक युवक युवतियों के पंजीयन की कमान संगठन मंत्री संजय सरैया, श्री अशोक भैरव पांडे, पंडित राकेश मिश्रा, पंडित दिनेश दुबे,श्याम सुंदर चौबे, एडवोकेट अवनीश तिवारी,पाटन तहसील अध्यक्ष पं श्री तिवारी अंकित तिवारी , कंचन तिवारी, वंदना कटारे,राम शंकर शुक्ला, राकेश मिश्रा सहित समस्त पदाधिकारियों ने संभाली।

संपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने में श्रीमती ममता प्यासी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रीना दीक्षित संयोजक सुशील पांडे, गीता अवस्थी का शहरानीय योगदान रहा। पं श्री राम पाण्डेय प्रदेश सचिव ने बताया कि जबलपुर परिषद टीम ने उपरोक्त भव्य परिचय सम्मेलन आयोजित कर जहां एक और एकता का परिचय दिया वहीं अन्य ब्राह्मण संगठनों में उक्त कार्यक्रम आज चर्चा का विषय बना हुआ है निश्चित रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद अपने संगठन के नाम के अनुरूप कार्य करने में सफल हुई है जो हम सभी परिषद के पदाधिकारी व्दय के लिए गौरव की बात है। उपरोक्त कार्यक्रम को यूट्यूब के माध्यम से, अमित दुबे जी एवं छत्रपाल शुक्ला जी ने परिषद के प्रत्येक जिला स्तर पर बैठे संगठन के पदाधिकारी द्वय ने लाइव लाइव दर्शन का लाभ लिया।

## गौरीघाट और बरेला में दुर्घटनाएं

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में 5 घायल

**जबलपुर।** गौरीघाट और बरेला सड़क दुर्घटना की दो मामलें सामने आए है। इस सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए।



गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गानगर रामपुर निवासी 23 वर्षीय कार्तिक कनौजिया गत शाम लगभग 7 बजे अपने दोस्त मुकेश झारिया के साथ अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एसवाई 1103 से बिग बाजार गौरीघाट आए थे, जहां से रात लगभग 8 बजे अपने घर रामपुर जाने के लिए निकले थे। जैसे ही पटेल मोहल्ला मजार के सामने पहुंचे तभी आईडियल स्टेट की तरफ से रांग साईड से आ रही एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसई 3618 के चालक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। कार्तिक ने अपने दोस्त राहुल कुशवाहा को घटना की जानकारी दी, जो मौके पर आकर दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

इसी तरह बरेला जमतरा निवासी 28 वर्षीय मिस्त्री प्रताप सिंह लोधी का काम बरेला रिछाई में लगा था। गत दिवस वह अपने भाई उमराव सिंह लोधी, रुप सिंह लोधी, उमा नामदेव और दयाराम नामदेव के साथ रिछाई में काम करने आया था। काम करके वापस जमतरा जाने के लिए सभी लोग रोड किनारे खड़े थे, तभी मंडला तरफ से आ रही एक कार क्रमांक एमपी 18 सी 3458 के चालक ने रोड किनारे खड़े उमराव सिंह लोधी, रुप सिंह लोधी और उमा नामदेव को टक्कर मार दी, जिससे तीनों रोड पर गिरकर घायल हो गए और तीनों के शरीर में चोटें आ गई। प्रताप सिंह लोधी ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी एक्टिवा चालक और कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### 40 लीटर डीजल सहित युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोसलपुर पुलिस ने ग्राम गांधीपुर बुढागर में घर के बाहर अवैध रुप से डीजल रखे हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 लीटर डीजल जब्त कर लिया है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि बुढागर निवासी 22 वर्षीय शुभम चौरसिया गत रात लगभग घर के बाहर प्लास्टिक की बड़ी केन में डीजल लेकर खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शुभम चौरसिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 लीटर डीजल जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 285 के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।



## पुलिस ने किये चोरी के 8 दुपहिया वाहन जब्त

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर 8 दुपहिया वाहन बरामद किए है। आरोपी ने पांच वाहन तिलवारा थाना क्षेत्र से और दो वाहन गढ़ाथाना क्षेत्र और एक दमोह थाना क्षेत्र से चोरी किया था। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बड्डा दादा ग्राउंड में गंगासागर एकता चौक अकबर का बाड़ा मदनमहल निवासी 25 वर्षीय मेहताब हुसैन को घेराबंदी करके पकड़ा। वह चोरी की स्कूटर बेचने के लिए खड़ा था। वाहन के दस्तावेज नहीं होने पर जब उससे पूछताछ की तो उसके पास कोई दस्तावेज नहीं मिले। पूछताछ के दौरान सात अन्य वाहनों के बारे में पता चला। उसकी निशानदेही पर एक्टिवा स्कूटी और मोटरसायकिल वाहन जब्त किए। आरोपी के खिलाफ धारा 41(1-4)जाफौ /379 के तहत कार्रवाई की गई। चोरी के वाहनों के मालिकों का पता लगाया जा रहा हैं।

### युवक की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत कोलमाईन्स आफिस के पास शक्तिनगर में संदिग्ध अवस्था में इलाज के लिए भर्ती एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलमाईन्स ऑफिस के पास शक्तिनगर निवासी 34 वर्षीय राजुल प्यासी को गत रात लगभग 10.30 बजे संदिग्ध अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान राजुल प्यासी की गत रात लगभग 10.41 बजे मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

दोनों पक्षों पर मामला पंजीबद्ध

## पुरानी रंजिश पर कुल्हाड़ी व चाकू से हमला, 3 घायल

**जबलपुर।** अधारताल और भेड़ाघाट में पुरानी रंजिश पर बदमाशों ने चाकू व कुल्हाड़ी से एक युवक और एक दंपत्ति पर हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खिरिया अधारताल निवासी 32 वर्षीय मजदूर शहजाद शाह गत दिवस पुष्पक नगर से आ रहा था तभी रात लगभग 11 बजे पुरानी रंजिश पर आकाश बेन गालीगलौज करने लगा, मना करन पर आकाश ने चाकू से शहजाद की नाक और दोनों जांघों पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार भेड़ाघाट सरस्वतीघाट निवास 35 वर्षीय श्रीमति सरोज बर्मन के पति गोपाल बर्मन गत रात लगभग 8 बजे नहाने जा रहे थे, तभी पुरानी रंजिश पर पड़ोसी शोभाराम गोस्वामी पति गोपाल बर्मन से गालीगलौज करने लगा, मना करने पर शोभाराम ने कुल्हाड़ी से पति के सिर व गर्दन में चोटें पहुंचा दी, उसकी पत्नी श्रीमति सरोज बचाने गई तो उसके हाथ के पंजे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसके बेटे राहुल बर्मन, आकाश प्रधान और आकांक्षा बर्मन ने बीच बचाव किया तो शोभाराम ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 324, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### निधन

**श्रीमती फूलबाई जैन-** हनुमानतल निवासी कुंडा वाला परिवार के स्वर्गीय नागकुमारजी जैन की धर्म पत्नी एवं कमलेश, राजेश, अरूप जैन की पूज्य माताजी श्रीमती फूलबाई जैन का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री हरिकृष्ण शर्मा-** 340 शांति नगर निवासी श्री हरिकृष्ण शर्मा का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे शिरीष शर्मा के पिता एवं रामकृष्ण शर्मा के बड़े भाई थे। अंतिम यात्रा निज निवास गली नंबर 13 शांति नगर से सुबह 9 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

**श्रीमती कुलदीप कौर भागरा-** गुप्तेश्वर निवासी श्री गुरूमुख सिंह भामरा की धर्मपत्नी श्रीमती कुलदीप कौर भामरा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरि शंकर दुबे-** कांचघर चौक साईं मंदिर के पास निवासी श्री हरि शंकर दुबे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश नामदेव-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री रमेश नामदेव (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेशमा बाई सोनकर-** भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के पास निवासी श्री देवानंद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रेशमा बाई सोनकर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवान दास डुडेजा-** अमितोज अपार्टमेंट चौथा पुल निवासी श्री भगवान दास डुडेजा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुलिया बाई-** कांचघर रेलवे स्टेशन रोड बर्न कम्पनी के पास निवासी श्री राम गोपाल की धर्मपत्नी श्रीमती मुलिया बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजुल प्यासी-** कोल माइंस आफिस के सामने गुप्तेश्वर निवासी श्री दया शंकर प्यासी के पुत्र श्री राजुल प्यासी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेखा शर्मा-** शीतलामाई निवासी श्री रमेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा शर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## चिंतन

# चीनी राष्ट्रपति के फ्रांस दौरे पर नजर रखे भारत

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग यूरोप के तीन देशों –फ्रांस, सर्बिया व हंगरी की यात्रा ऐसे समय में कर रहे हैं, जब यूक्रेन व रूस के बीच जंग जारी है, और रूस ने पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु हथियारों का अभ्यास करने का ऐलान किया है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का एक मकसद रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की समाप्ति के लिए फ्रांस से सहयोग प्राप्त करना है। शी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैकों से मुलाकात में रूस व यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठाया है। एक समय फ्रांसीसी राष्ट्रपति रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म कराने के लिए चीन की मदद चाहते थे, वर्ष 2023 की अप्रैल में राष्ट्रपति मैक्रों चीन भी गए थे, पर चीन ने उतनी उत्सुकता नहीं दिखाई थी। चीन रूस को हथियार बनाने के लिए उपकरणों की आपूर्ति कर रहा है, इससे फ्रांस खफा है। रूस के साथ खड़े होने से चीन की छवि यूरोप में नकारात्मक बनी हुई है। शी का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती अपने चरम पर है। इस वक्त रूस के बाद फ्रांस ही है जो भारत के गहरे दोस्त हैं। चीन की कोशिश फ्रांस को अपने पाले में लाने की है। इसलिए भारत को चौंकन्ना रहने की जरूरत है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का दूसरा अहम मकसद यूरोप में चीन के खिलाफ जारी तनाव को खत्म करना है। फ्रांस यूरोप का गेटवे है, इसलिए फ्रांस के चीन के राजनयिक संबंध के 60 साल पूरे होने के अवसर को शी चिनफिंग ने पेरिस की यात्रा के लिए चुना है। यूरोप में चीन को लेकर पूरे इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय यूनियन ने पिछले सप्ताह ही चीन के विंड टर्बाइन और मेडिकल उपकरणों की जांच शुरू करवाई है। यही नहीं चीन के सुरक्षा उपकरणों को बनाने वाली कंपनी नूकटेक के कार्यालयों पर छापा मारा है। चीन ने फ्रांस से अपील की है कि वह यूरोपीय यूनियन को चीन के प्रति सकारात्मक और व्यवहारिक नीतियां बनाने के लिए मदद करे। शी को लगता है कि यूरोप में चीन की छवि सुधारने में फ्रांस उसकी मदद कर सकता है। यूरोप को साधने के साथ-साथ चीन के निशाने पर भारत भी है, जिसने हाल के दिनों में फ्रांस से बड़े पैमाने पर हथियार और फाइटर जेट खरीदा है। भारत ने फ्रांस से राफेल जेट, स्कॉर्पिन पनडुब्बी, हेलीकॉप्टर और कई किलर मिसाइलें खरीदी हैं। पीएम मोदी जुलाई 2023 में फ्रांस के दौरे पर गए थे और उसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों भारत आए थे। गणतंत्र दिवस पर मैक्रों ही मुख्य अतिथि थे। भारत और फ्रांस मिलकर आर्मेनिया की मदद कर रहे हैं। फ्रांस ने पीएम मोदी को ग्रेट क्रॉस ऑफ द लेगिआन से सम्मानित किया है। मोदी पहले ऐसे भारतीय पीएम हैं जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। इससे पता लगता है कि फ्रांस भारत के साथ अपने रिश्ते को कितना तवज्जो दे रहा है। चीन की रणनीति भारत के पड़ोसी देशों से मधुर संबंध बना कर भारत के लिए सीमाई तनाव क्रिएट करने की रही है। इस कड़ी में चीन ने नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किए हैं। अब चीन की नजर यूरोप पर है। यूरोप के तमाम देशों से भारत के संबंध प्रगाढ़ हैं। भारत और यूरोपीय देश सहज मित्र देश हैं, जबकि यूरोप में चीन की छवि खराब है। फ्रांस में तिब्बती समूह ने चीनी राष्ट्रपति के खिलाफ अपना विरोध जताया है। चीनी राष्ट्रपति की इस फ्रांस यात्रा को भारत को सामरिक व कूटनीतिक दृष्टि से गंभीरता से लेना चाहिए।

## जीपीटी-5 व लामा-3

शैलजा सिंह



# अगली पीढ़ी के चैटबॉट्स...

हाल ही में, ओपनएआई के चैटजीपीटी एआई-संचालित चैटबॉट और मेटा के लामा सिस्टम के नियोजित अपग्रेड के बारे में प्रचार-प्रसार हुआ है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कंपनी के चैटबॉट्स को शक्ति प्रदान करता है। इन प्रणालियों के पीछे की तकनीक को बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। ये कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क हैं, एक प्रकार का एआई जिसे मानव मस्तिष्क की नकल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वे चैटबॉट्स के लिए सामान्य प्रयोजन पाठ उत्पन्न कर सकते हैं, और अवधारणाओं को वर्गीकृत करने, डेटा का विश्लेषण करने और पाठ का अनुवाद करने जैसे भाषा प्रसंस्करण कार्य कर सकते हैं। वे इन क्षमताओं को प्रशिक्षण नामक एक गहन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त करते हैं, जहां एआई सिस्टम जो करता है उसे बेहतर बनाने के प्रयास में बड़ी मात्रा में डेटा के संपर्क में आता है। उम्मीद है कि ओपनएआई और मेटा 2024 की गर्मियों के अंत से पहले अपने चैटबॉट्स के नए संस्करण जारी करेंगे - जिन्हें क्रमशः जीपीटी-5 और लामा 3 कहा जाता है। ये अपने पूर्ववर्तियों से भिन्न होंगे।

अपने पूर्ववर्ती जीपीटी-4 की तरह, जीपीटी-5 छवियों और पाठ को समझने में सक्षम होगा। उपयोगकर्ता इससे किसी छवि का वर्णन करने के लिए कह सकेंगे, जिससे दृष्टिबाधित लोगों के लिए यह अधिक सुलभ हो जाएगा। जीपीटी-5 में विभिन्न भाषाओं के साथ बेहतर क्षमताएं होंगी, जिससे गैर-अंग्रेजी बोलने वालों के लिए सिस्टम के साथ संवाद करना और बातचीत करना संभव हो जाएगा। इसमें भाषा अनुवाद की अधिक निपुणता शामिल है। अपग्रेड में संवाद के संदर्भ की व्याख्या करने और भाषा की बारीकियों की व्याख्या करने की बेहतर क्षमता भी होगी। जीपीटी-5 में अधिक उन्नत तर्क क्षमताएं होंगी, जिसका अर्थ है कि यह अधिक जटिल डेटा सेट का विश्लेषण करने और अधिक परिष्कृत समस्या-समाधान करने में सक्षम होगा। यह तर्क एआई प्रणाली को नए अनुभवों से सीखकर निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा। यह अधिक सटीक जानकारी प्रदान करने में सक्षम होगा। जीपीटी-5 एक समय में 50,000 शब्दों तक प्रोसेस कर सकता है, जो जीपीटी-4 की तुलना में दोगुना है, जिससे यह बड़े दस्तावेज़ों को संभालने के लिए और भी बेहतर होगा। इसमें उच्च स्तर की भावनात्मक बुद्धिमत्ता होगी, जो उपयोगकर्ताओं के साथ अधिक सहानुभूतिपूर्ण संवाद में मददगार होगी। यह ग्राहक सेवा सहित कई सेटिंग्स में उपयोगी हो सकता है। जीपीटी-5 जानकारी को खोजने और पुनः प्राप्त करने के तरीके की सटीकता में भी महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित करेगा, जिससे यह सीखने के लिए अधिक विश्वसनीय स्रोत बन जाएगा। जीपीटी-5 उस इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ अधिक संगत होगा, जहां घर व अन्य जगहों पर डिवाइस जुड़े होते हैं और जानकारी साझा करते हैं। इसे उद्योग 5.0 नामक अवधारणा का समर्थन करने में भी मदद करनी चाहिए, जहां मनुष्य और मशीनें एक ही कार्यस्थल के भीतर परस्पर क्रिया करते हैं। जीपीटी-5 में अधिक मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल होंगे जो इस संस्करण को दुर्भावनापूर्ण उपयोग और गलत प्रबंधन के खिलाफ अधिक मजबूत बनाएंगे।

लामा-3 मेटा का जीपीटी-5 का प्रतिस्पर्धी है। इसमें अपने पूर्ववर्ती लामा-2 की तुलना में कई सुधार हैं। यह एक अधिक सक्षम मॉडल है जो अंततः अपने पूर्ववर्ती लामा-2 के अधिकतम 70 अरब मापदंडों की तुलना में 400 अरब मापदंडों के साथ आएगा। मशीन लर्निंग में, पैरामीटर एक शब्द है जो एआई सिस्टम में एक वेरिएबल का प्रतिनिधित्व करता है जिसे प्रशिक्षण प्रक्रिया के दौरान समायोजित किया जा सकता है, ताकि सटीक भविष्यवाणियां करने की क्षमता में सुधार हो सके। लामा-3 मल्टीमॉडल भी होगा, जिसका अर्थ है कि यह टेक्स्ट, छवियों और वीडियो को संसाधित करने और उत्पन्न करने में सक्षम है। यह अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में कार्य करने में सक्षम होगा और इसमें लामा 2 की तुलना में बड़ी संदर्भ विंडो होगी। एक संदर्भ विंडो पाठ की उस सीमा को दर्शाती है जिसे एलएलएम सूचना उत्पन्न होने के समय संसाधित कर सकता है। इसका तात्पर्य यह है कि जब मॉडल को भविष्यवाणियां करने और प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करने के लिए कहा जाएगा तो वह कम समय के भीतर पाठ या डेटा के बड़े हिस्से को संभालने में सक्षम होगा। मेटा गूगल क्लाउड सहित कई अन्य अनुप्रयोगों के साथ काम करने में सक्षम होने के लिए लामा-3 को कई अलग-अलग संस्करणों में लॉन्च करने की योजना बना रहा है। मेटा ने घोषणा की कि सबसे उन्नत संस्करण की रिलीज़ से पहले, लामा-3 के और अधिक बुनियादी संस्करण जल्द ही लॉन्च किए जाएंगे, जो अगली गर्मियों में होने की उम्मीद है। चैटबॉट्स की इस नई पीढ़ी में परिवर्तन न केवल जेनरेटिव एआई में क्रांति ला सकता है, बल्कि मानव-मशीन इंटरैक्शन में एक नए युग की शुरुआत भी कर सकता है जो वैश्विक स्तर पर उद्योगों और समाजों को बदल सकता है।

(लेखिका टेकविद् और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पाक के दमन से उबलता पीओके



विश्लेषण

अरविंद जयतिलक

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पीओके के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद खुद भारत में शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके को भारत लेकर रहेंगे। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के जो हालात हैं, उसमें ऐसा लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं, जब वहां के लोग पाक हुक्मरान के खिलाफ बगावत कर भारत में मिलने के लिए जान की बाजी लगा दें। भले ही पाकिस्तान और उसके हुक्मरान पीओके को आजाद कश्मीर का तमगा दें लेकिन सच यही है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर हो चुका है। यहां के लोग पाकिस्तानी सेना के अत्याचार और दमन से इस कदर पीड़ित हैं कि वे अतिशीध्र भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं, लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार के खिलाफ अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत ने मन बना लिया है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। यहां ध्यान रखना होगा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाक सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की फौज पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। पीओके में बढ़ते अत्याचार और मानव अधिकारों को लेकर हो रहे प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की फजीहत बढ़ रही है। इससे बचने के लिए कभी पाक प्रधानमंत्री मुजफ्फराबाद का दौरा कर रहे हैं तो कभी भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दुनिया का ध्यान बंटा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि उसके हाथ से अब पीओके सरक रहा है।

दरअसल, पीओके मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में अवैध घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था, जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टूबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में




होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के शिनझियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया। इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पीओके ही कहा जाता है। भारत की तत्कालीन नेहरू सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली वेष में फौज भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरूप पीओके सहित पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य पर भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ। संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गई है, वह भारत का है, लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरूप को योजनाबद्ध तरीके से बदल रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है। नतीजतन बाहर से आए लोगों का बोलबाला बढ़ रहा है और स्थानीय मूल समाज हाशिए पर जा पहुंचा है। दुनिया को यह पता है कि यहां पाक सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को प्रशिक्षित कर रही है। यहां 1947 से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की भारत विरोधी आतंकी नीति ही जिम्मेदार है। यहां समझना होगा कि पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर को हड़पना है। उसकी परराष्ट्र नीति का मूल प्रेरणा स्रोत भारत का भय और उसके निवारण के लिए मित्रों की खोज करना है। इसीलिए वह बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर का मसला उठाकर भारत को विश्व बिरादरी से अलग-थलग करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह कश्मीर में आतंक का समर्थन करता है और आतंकियों के मारे जाने पर उसकी आड़ में भारत के खिलाफ मानवाधिकार हनन का दुष्प्रचार करता है। पाक की विदेश नीति पर एक तत्व हावी है, वह है-भारत विरोध की नीति। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ रही है, क्योंकि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ कंधा जोड़ने को तैयार है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित

दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित

प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## सटाका




## आज की पाती

### स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व

अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। दूषित जल के कारण लोगों की जो सेहत खराब होती है, उसके लिए कौन जिम्मेवार है, सरकार, प्रशासन या फिर आम जन? दूषित जल के लिए तो सरकार और प्रशासन ही ज्यादा जिम्मेवार हैं, क्योंकि आम जन को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना मुख्य होता है। लेकिन हमारे देश के सत्ताधारियों की आदत बन चुकी है आग लगने के बाद कुआं खोदने की। कई बार तो कुआं खोदने की भी कोशिश नहीं करते, बस लापरवाहियों पर शिकंजा कसने का आश्वासन देकर अगली लापरवाही तक लंबी तान कर सो जाते हैं। सरकार को ऐसे भरसक प्रयास करने चाहिए कि आम जन को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। – *पवन सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### रायबरेली भी तैयार



राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी में किन लोगों ने उन्हें धोखा दिया है। वे किसे सबक सिखाना चहाते हैं। और अब वे अमेठी में अपमानित को क्यों अपमानित कर रहे हैं। रायबरेली भी उन्हें हराने के लिए तैयार हैं।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### प्रबुद्ध लोगों की धरा



प्रधानमंत्री जी पीरजादा है इसलिए शहजादा बोल रहे है। वे पीरजादे यानि बुजुर्ग है। हम छोटे लोगों को कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन झूठ अधिक बोलते हैं। मिथिला की धरती प्रबुद्ध लोगों की धरा है यहां के लोग बेकार की नहीं काम की बात सुनते हैं।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### कैसे मदद कर सकते हैं



इसका नाम नाम जसप्रीत है। कुल्चे बेचता है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुझे विश्वास है, वह दिल्ली के तिलक नगर में है। यदि किसी के पास उनका संपर्क नंबर हो तो कृपया इसे साझा करें ताकि पता लगाएं कि इसकी शिक्षा में कैसे मदद कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### लोगों को हंसाया



अपनी कुछ तस्वीरें देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि स्थिर मन के सामने मेरा व्यवहार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा है। आइए बस एक ठंडी गोली लें और कुछ वीडियो दोबारा देखें, जिन्होंने अन्य लोगों को हंसाया है।

-काजोल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा करने तैयार

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 58 साल की उम्र में मंगलवार को बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वह बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरेंगी जिसे फ्लोरिडा में केप केनवेरल के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से छोड़ा जाएगा। स्टारलाइनर विलियम्स और बुच विलमोर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र लेकर जाएगा जो संकटग्रस्त बोइंग कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण और बहु–प्रतीक्षित सफलता हो सकती है। अंतरिक्ष यान सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात 10 :34 बजे (मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 8 :04 बजे) रवाना होगा। 'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (बीबीसी) ने विलियम्स के हवाले से कहा, 'हम सभी यहां हैं क्योंकि हम सभी तैयार हैं। हमारे दोस्तों और मित्रों ने इसके बारे में सुना है और हमने इसके बारे में बात की है और वे खुश तथा गौरवान्वित हैं कि हम इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं।' अंतरिक्ष यान के विकास में कई झटकों के कारण इस अभियान में कई वर्षों की देरी हुई है। अगर यह कामयाब हो जाता है तो एलन मस्क की 'स्पेसएक्स' के साथ यह दूसरी निजी कंपनी बन जाएगी जो चालक दल को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम होगी।



## ऑफ बीट

# पेड़ों पर छाल क्यों होती है? इसका क्या काम होता है

छाल पेड़ों को विविध सामग्री चारों ओर ले जाने में मदद करती है। कई पेड़ों की छाल दो अलग–अलग चीजों से बनी होती है। पहली चीज़ को फ्लोएम कहा जाता है और यह काफी जटिल चीज़ है। इसका मुख्य काम शर्करा और हार्मोन जैसे रसायनों को पेड़ के ऊपर, नीचे और आसपास पहुंचाना है। वास्तव में, फ्लोएम पेड़ के चारों ओर पौधे के लिए आवश्यक किसी भी चीज़ को स्थानांतरित कर सकता है। यह एक बहुत अच्छा कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। दूसरी चीज़ को कॉर्क कहते हैं और कई पेड़ों में फ्लोएम और कॉर्क एक साथ मिले होते हैं. कॉर्क पेड़ को हानिकारक कीड़ों और कवक से बचाने में मदद करता है। यह पेड़ के कुछ हिस्सों को बहुत अधिक गर्म या बहुत ठंडा होने से बचाने में भी मदद करता है। हमारी तरह, पेड़ भी सही तापमान पर सबसे अच्छा काम करते हैं। तो यह सुरक्षा एक महत्वपूर्ण कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। कुछ पेड़ों की छाल पतली चिकनी होती है जो हर साल झड़ जाती है। अन्य पेड़ों की छाल मोटी, रोएँदार या झुर्रीदार होती है जो महीनों या कई वर्षों में टुकड़ों में झड़ती है। जैसे–जैसे पेड़ बड़ा होता जाता है, छाल नियमित रूप से बदलती रहती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# विवादों में घिरी जॉली एलएलबी-3, अक्षय व अरशद वारसी के खिलाफ शिकायत

**मुंबई।** अजमेर के डीआरएम ऑफिस में चल रही जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसमें जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म शूट करने और आपत्तिजनक डायलॉग्स को लेकर शिकायत दी गई है। सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर में मंगलवार को इस पर सुनवाई होगी। जिला क राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के खिलाफ शिकायत दी है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई वकीलों को बुलाया गया था। लेकिन, शूटिंग के दौरान अक्षय के बाउंसर्स ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया।

## लाइफ Style



# शिल्पा

## गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज

शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को भारतीय पोशाक साड़ी पहनना कितना पसंद है ये बात तो किसी से छिपी नहीं है। शिल्पा शेट्टी अक्सर ही इंडियन वियर पहने नजर आती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने फैशन डिजाइनर आशा के कलेक्शन 'एताशा'को रैंप पर उतारा। इस फैशन शो में रैंप वॉक से पहले एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ही किसी भी शो से पहले प्राणायाम करने के लिए समय निकालती हैं। शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था। शिल्पा शेट्टी इस लुक में बेहद गॉर्जियस लग रही थीं।

वॉक के बाद शिल्पा ने कहा, 'मैंने आशा जैन का 'एताशा'कलेक्शन पहना है। मैंने जो पहना है, वह मुझे बेहद पसंद है। यह बहुत आरामदायक है। मुझे साड़ी पहनना बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि जब आप बाहर जा रहे हों और अलग दिखने के साथ-साथ आपको आरामदायक भी चुनना हो तो इस तरह का आउटफिट चुनना सही है।'

## हॉलीवुड मसाला



# अद्भुत एक्टर थे बर्नार्ड हिल

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड के बड़े एक्टर्स में गिने जाने वाले बर्नार्ड हिल का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1997 में आई 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' ट्रायोलॉजी में अहम भूमिकाएं निभाई थीं। इस बात की जानकारी मशहूर स्कॉटिश सिंगर और म्यूजिशियन बार्बरा डिक्सन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके दी है। बारबरा डिक्सन ने लिखा है, 'बहुत दुख की बात है कि मुझे बर्नार्ड हिल के निधन के बारे में लिखना पड़ रहा है।



# एक बार फिर अंतरिक्ष की सैर करेंगे रयान गोसलिंग

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता रयान गोसलिंग अपनी फिल्म 'द फॉल गाई' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी मुख्य भूमिका निभाई हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। कुछ ही दिन पहले बर्लिन में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया था। वहीं, अब दर्शक भी इस फिल्म का मजा ले रहे हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड लीच ने किया है। 'द फॉल गाई' में दर्शकों को एक से बढ़कर एक स्टंट देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के अलावा रयान अपनी अगली फिल्मों से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। रयान गोसलिंग के फैंस के लिए बड़ी खबर यह है कि एक बार फिर से उन्हें अंतरिक्ष यात्री के किरदार में देखने का मौका मिलने वाला है। वह आने वाले दिनों में फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह रायलैंड ग्रेस की भूमिका निभाने जा रहे हैं।



# कंगना ने अमिताभ से की तुलना, उड़ा मजाक

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोस प्रत्याशी कंगना इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। एक भाषण के दौरान कंगना ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना कह रही हैं, 'सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं... ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।'



# पिता की आखिरी इच्छा पूरा नहीं कर पाए

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं, जो शानदार फिल्में बनाने और कहानियों को खूबसूरती से बयां करने के लिए जाने जाते हैं। नेटफ्लिक्स पर उनका पहला वेब शो 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' इस बात को साबित कर रहा है। 'हीरामंडी' लोगों को पसंद आ रही है। इसमें भंसाली ने अपनी बनाई जादुई दुनिया दिखाई है। शो में बड़े और खूबसूरत सेट, शानदार सीन्स, बेहतरीन डायलॉग्स, कमाल का कैमरा वर्क और शानदार म्यूजिक है। हालांकि भंसाली अपनी फिल्मों में भावनाओं को बखूबी दिखाने में माहिर हैं, लेकिन बताया जाता है कि उनके पिता नवीन भंसाली कभी सफलता नहीं पा सके थे। अब अपने नए इंटरव्यू में भंसाली ने अपने पिता की आखिरी इच्छा को पूरा न कर सकने का इमोशनल किस्सा सुनाया है।

## टीवी मसाला



# सुनील पाल ने कहा, अच्छा है कपिल का शो बंद हो रहा

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी पर नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर लेकर आए हैं। खास बात ये भी रही कि कई सालों के बाद दर्शकों को कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक साथ पर्दे पर देखने को मिली। शो पर कई सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार-चांद लगाया। लेकिन ये पहला ऐसा मौका रहा जब इस शो को दर्शकों का उतना प्यार नहीं मिला, जितना हर बाद देखने को मिलता था। ऐसे में बीते दिनों कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बंद होने की खबर ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया। ऐसे में अब सुनील पाल ने कपिल के शो के बंद होने की खबर पर रिएक्ट किया है। सुनील पाल ने कहा, ''द ग्रेट इंडियन कपिल शो' जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रहा था। सुनने में आ रहा है कि ये शो बंद हो रहा है। तो मैं कपिल से ये कहना चाहूंगा कि अच्छा है जो आपका शो यहां से बंद हो रहा है, क्योंकि आप नेटफ्लिक्स ओटीटी के आर्टिस्ट नहीं हो, आप टीवी के घर-घर के आर्टिस्ट हो। मैंने कहा था कि घर-घर में देखा जाता है सिर्फ कपिल शर्मा को।

## टीवी से परिणीति ने किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** अमर सिंह चमकीला में अपनी एक्टिंग के लिए सुर्खियां बटोर रहीं परिणीति चोपड़ा के बारे में सब जानते हैं कि उन्होंने फिल्म 'इश्कजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी।



हालांकि, ऐसा है नहीं। परिणीति ने फिल्मों से नहीं, बल्कि टीवी से अपने करियर की शुरुआत की थी। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ' मॉय रीयल डब्यू।' परिणीति ने जो वीडियो शेयर किया उसमें वो दूरदर्शन के किसी शो में गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति ने 13 साल की उम्र में सबसे पहले कैमरा फेस किया था। वीडियो में वो लाल रंग का सूट पहने हुई हैं। परिणीति वीडियो में दूसरे बच्चों के साथ से 'अपने देश की सेवा करेंगे हम' गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति की थ्रोबैक वीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। परिणीति चोपड़ा इन दिनों 'अमर सिंह चमकीला' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं।

# शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही थे ऑनलाइन एक्टिव...

## इंडस्ट्री का बना कंप्यूटर गुरु

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जीनत अमान, वैजयंती माला और जीतेंद्र सहित कई पुराने दौर के एक्टर हैं, जो आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और लोगों के साथ सोशल मीडिया पर भी जुड़े रहते हैं। लेकिन, इनमें से 'इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु' कोई नहीं बना। जबकि शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही ऑनलाइन एक्टिव था।



शम्मी कपूर ने 'कभी खुद को कहा 'जंगली' तो कभी कहा 'जानवर'। लेकिन, जब इनका अंदाज देखा तो सबने कहा 'तुम सा नहीं देखा कोई दूसरा हुजूर। उसके जीन में अदाकारी था। उस खानदान में वह पैदा हुए, जहां थिएटर पेशा भी था और व्यवसाय भी। घर में रात-दिन सिर्फ एक्टिंग की बातें हुआ करती थी। उन्होंने मुमताज, साधना, जीनत अमान सहित कई दिग्गज अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन को शेयर किया। उन्होंने 60-70 के दशक में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में देकर अपने पिता का नाम रोशन किया। जिस दौर में लोग डाकघर में चिट्ठियों को पोस्ट किया करते थे, उस दौर में वह इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु बन गए थे। शम्मी कपूर और मुमताज के प्यार के किस्से जितने मशहूर हैं, उतना ही उनका कंप्यूटर से प्यार में पड़ जाने वाले किस्से हैं।

जब भारत में ज्यादातर लोग इंटरनेट के बारे में जानते भी नहीं थे, शम्मी उस वक्त इंटरनेट पर काफी एक्टिव हो चुके थे। ये सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन ये सच है। जिस दौर में लोग पर्सनल कंप्यूटर के बारे में सोचते भी नहीं थे, शम्मी के पास खुद का कंप्यूटर और इंटरनेट हुआ करता था। वह कंप्यूटर के घरेलू इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले पहले भारतीय थे।

# 'पंचायत' 28 मई होगी रिलीज



*नई दिल्ली। वेब सीरीज 'पंचायत' के पिछले दो सीजन दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट रहे। अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। पिछले कई दिनों से दर्शक इसकी रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, प्राइम वीडियो के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्टर साझा कर रिलीज डेट का खुलासा कर दिया था। इसके साथ लिखा था, 'आपने लौकी हटाईं, हमने पुरस्कार में आपके लिए रिलीज डेट का खुलासा कर दिया'। सीरीज 28 मई को रिलीज होगी। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और अन्य जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं।*

## अजय की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है

# ओटीटी के सबसे महंगे स्टार हैं अजय देवगन

*पिछले 2-3 साल में ओटीटी की दुनिया में बड़ा उछाल देखा गया। खासकर कोविड-19 महामारी के कारण थिएटर बंद होने के बाद। ओटीटी प्लेटफॉर्म अब अजय देवगन, सैफ अली खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सोनाक्षी सिन्हा और सामंथा रुथ प्रभु जैसे बड़े सुपरस्टारों को अट्रैक्ट कर रहे हैं जो भारत के पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी 5 का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं।*

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है कई कलाकार भी उन पर आने के लिए अच्छी-खासी फीस ले रहे हैं। कुछ सुपरस्टार्स अपने ओटीटी शोज के जरिए करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। ओटीटी पर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन हैं। जिन्होंने 2022 में हॉटस्टार के क्राइम थ्रिलर शो 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' से अपना ओटीटी डेब्यू किया था।



अजय देवगन हमेशा से ही बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं, लेकिन अपनी वेब सीरीज के बाद अजय देवगन ओटीटी पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर भी बन गए। एक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजय देवगन ने 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' के सात एपिसोड के लिए 125 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस ली है। यह सीरीज ब्रिटिश शो 'लूथर' का ऑफीशियल रीमेक है। कथित तौर पर अजय देवगन ने प्रति एपिसोड 18 करोड़ रुपए लिए जिससे वह भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले ओटीटी स्टार बन गए। अजय देवगन की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है। ओटीटी में एक और पॉपुलर एक्टर मनोज बाजपेयी हैं जो वेब सीरीज और फिल्मों में एक्टिंग के लिए अच्छी खासी फीस लेते हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज 'द फैमिली मैन' में श्रीकांत तिवारी के रोल के बाद सबके फेवरेट बन गए।

## बिग बी और रजनीकांत की जोड़ी ने तोड़े हैं कमाई के सारे रिकॉर्ड

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन और रजनीकांत भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज कलाकार हैं। अपनी बहुमुखी अदाकारी से दोनों ने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन दिनों दोनों अभिनेता अपनी आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अमिताभ नाग अश्विन द्वार निर्देशित 'कल्कि 2898 ए.डी.' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनक राज की फिल्म 'कुली' में नजर आने वाले हैं। गत दिवस अमिताभ ने रजनीकांत के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। दोनों के प्रशंसक इसे देख कर काफी



उत्साहित हो गए थे। दशकों तक लगातार फिल्मों में सक्रिय रहने के दौरान दोनों अभिनेताओं ने कुछ मौकों पर साथ में स्क्रीन साझा किया है।

साल 1991 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमिताभ और रजनीकांत साथ में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत ने अमिताभ के छोटे भाई का किरदार निभाया था। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मुकुल आनंद ने संभाली थी। फिल्म में इन दोनों कलाकारों के अलावा गोविंदा, किमी काटकर, डैनी डेंजोंगपा, अनुपम खेर आदि कलाकार भी नजर आए थे। फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी।

# अक्षय तृतीया: भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का हुआ था जन्म



**जबलपुर।** अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 10 मई दिन शुक्रवार को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हर कार्य के लिए बहुत शुभ मुहूर्त माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन कई पौराणिक घटनाएं हुई थीं, इसलिए इसे एक अबूझ मुहूर्त के तौर पर माना जाता है। इस दिन सोने-चांदी की खरीद करना बहुत ही शुभ होता है। इस दिन खरीदी गई किसी भी वस्तु में अनंत वृद्धि होती है। ज्योतिषाचार्य मनीष द्विवेदी ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के परशुराम अवतार का जन्म हुआ था। अक्षय तृतीया के दिन ही युधिष्ठिर को कृष्णजी ने अक्षय पात्र दिया था। जिसमें कभी भी भोजन समाप्त नहीं होता था और इसी पात्र से युधिष्ठिर अपने जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाते थे। इसलिए अक्षय तृतीया के दिन दान पुण्य करने का भी विशेष महत्व माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन से त्रेतायुग का भी आरंभ हुआ था। इसी शुभ दिन पर गंगा का अवतरण भी धरती पर हुआ था। इतनी विशेषताओं की वजह से अक्षय तृतीया के दिन को साल का सबसे शुभ मुहूर्त माना जाता है।

विवाह का कारक है गुरु और शुक्र ग्रह- विवाह के लिए कुंडली मिलान और गुण दोष का मिलान किया जाता है। इसके अलावा गुरु ग्रह और शुक्र ग्रह को विवाह का कारक ग्रह माना गया है। अगर आकाश मंडल में गुरु और शुक्र ग्रह उदय हों तो ही विवाह के शुभ मुहूर्त होते हैं। अगर ये दोनों ग्रह अस्त हों तो विवाह के लिए मुहूर्त नहीं होता है। दोनों ग्रह के अस्त होने से मई-जून में विवाह की शहनाइयां नहीं गूजेंगी।

### अक्षय तृतीया पर नहीं होंगे विवाह

लगभग 23 सालों के बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब अक्षय तृतीया के दिन विवाह का एक भी मुहूर्त नहीं है। इससे पहले साल 2000 में भी ऐसा ही संयोग बना था, जब विवाह के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं था। ऐसे में इस बार अक्षय तृतीया के दिन गुरु और शुक्र तारा अस्त होने के कारण विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जा सकेंगे, जिसके बाद विवाह के लिए पांच जुलाई को शुक्र ग्रह उदय होगा और शुक्र ग्रह के उदय होने के बाद ही शादी और मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त निकलेगा। हालांकि, अक्षय तृतीया को महामुहूर्त माने जाने के कारण इस दिन शुभ संस्कार संपन्न हो सकते हैं।

### अक्षय तृतीया का शुभ मुहूर्त

अक्षय तृतीया 10 मई, शुक्रवार को सुबह चार बजकर 17 मिनट पर होगी और इसका समापन 11 मई के दिन सुबह दो बजकर 50 मिनट पर हो जाएगा। अक्षय तृतीया का शुभ मुहूर्त 10 मई के दिन सुबह पांच बजकर 49 मिनट से दोपहर 12 बजकर 23 मिनट के बीच है।



# चलित प्रसादम सेवा के 4 हजार 729 दिन पूरे

## 17 लाख 73 हजार 375 लोगों ने पाया भोजन

**जबलपुर।** आज से 13 साल पहले 4 अप्रैल 2011 हिंदू नव वर्ष पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की योजना से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास महाराज के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। आज मेडिकल कॉलेज के अंदर मरीज के परिजन एवं मरीजो को पूरी सब्जी कड़ी चावल हलवा आचार वितरित किया गया। मानस सत्संग पाटन के अध्यक्ष रणधीर मासाहब ने कहा भूखे को भोजन देना हजारों वर्ष पुरानी प्राचीन परंपरा है मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती उसी परंपरा को अग्रवाल परिवार आगे बढ़ा रहा है यह निरंतर चलता रहे भूखे को भोजन मिलता रहे। जो शहर के किसी भी स्थान में 13 साल से गाड़ी में भोजन रख कर ले जाया जाता है वहां स्टील की थालियां में शुद्ध साफ भोजन पीने का शुद्ध पानी भी रहता है थाली भी आश्रम के भक्त ही धोते हैं। करोना के समय 1 लाख हो गई थी अयोध्या धाम में भगवान रामजी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 10 दिन में 1 लाख 15 हजार लोगों को अयोध्या धाम में भोजन वितरित किया गया उस समय यह सेवा जबलपुर में भी चालू थी। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया अभी तक 17 लाख 73 हजार 375 लोगों ने प्रसाद पाया 4 हजार 729 दिन पूरे हुए। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल राघवेंद्र शुक्ला बी डी पटेल आदि उपस्थित थे।

# संतों की वाणी ही मानव जाति में संजीवनी औषधि का कार्य करती है



**जबलपुर।** "संत सेन महाराज एक समग्र समाज सेवी के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने समाज को जीवन भर कुछ दिया है, समाज से कुछ भी नहीं लिया, संतों की भक्ति एवं विचारों का प्रभाव समाज पर पड़ता है, संतों की वाणी समग्र विकास के लिए संजीवनी औषधि का काम करती है।" सेन महाराज जयंती पर उक्त विचार अनिल उसरेटे ने व्यक्त किए। इस अवसर पर सीताराम सेन ने बताया कि सामाजिक एकता से ही समाज तथा राष्ट्र की प्रगति संभव है, हमें धर्म के मार्ग चलना चाहिए। कार्यक्रम के प्रथम चरण में बड़े महावीर स्थित सेन मंदिर में विराजमान सेन महाराज का आचार्य पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ षोडोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी हरि प्रसाद सराठे,अनिल उसरेटे, सीताराम सेन, राजू सेन, उमेश सेन, संजय सेन, भोला सेन, राजेश सेन, अनिल सराठे, बबलू सहित अनेक समाज सेवियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पमरे जीएम ने किया श्रमिकों का सम्मान



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने जबलपुर पश्चिम रेलवे जोन के तीन मंडलों में कार्यरत ग्रुप डी के रेल कर्मचारियों (श्रमिकों) को मजदूर दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। महिला कल्याण संगठन ने इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, परिचालन एवं संकेत एवं दूरसंचार के विभागों में कार्यरत ट्रैक मैन्टेनर, हेल्पर, सामान्य सहायकों, पॉइंट्स मैनों आदि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुल 15 रेलकर्मियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय की महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना सक्सेना, सचिव श्रीमती अमृता शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। प्रोत्साहन स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य पर रेलवे के श्रमिकों को सोमवार 06 मई को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने रेलवे श्रमिकों की परिश्रम शीलता और कर्मठता की जमकर सराहना की।

# संपूर्ण ब्राह्मण मंच 10 मई को भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाएगा



**जबलपुर।** सर्व समाज के साथ भगवान परशुराम प्रकटोत्सव परशुराम धाम ग्वारीघाट में सुबह 7:30 बजे दिन शुक्रवार 10/5/2024 को भगवान का अभिषेक, हवन पूजन, कन्या पूजन, भंडारे के साथ प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चारों वर्णों के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी परिपेक्ष में संस्कारधानी रत्न धनुष यज्ञ रामलीला समिति के प्रमुख पात्र हनुमान जी का अभिनय करने वाले मनोहर लाल अग्निहोत्री को समिति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ब्राह्मण कुल शिरोमणि पुरस्कार से दसवीं बारहवीं प्रथम श्रेणी के बेटा बेटियों को भी मंच द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पंडित धनंजय बाजपेई, रावेंद्र तिवारी, सीताराम कुरचानिया, निशांत शर्मा, पुष्पा तिवारी, सुधाकर मिश्रा, प्रशांत तिवारी, गोपाल तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा, मुन्नालाल दुबे, एचपी तिवारी, डॉक्टर अरुण मिश्रा सहित अन्य सामाजिक गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति की अपील की है।



## विश्व हास्य दिवस पर कराया योग अभ्यास

**जबलपुर।** विश्व हास्य दिवस एवं बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी के पावन पर्व पर अथ श्री यथार्थ फाउंडेशन ग्रुप द्वारा 5 मई 2024 रविवार को माँ नर्मदा के तट पर योगाचार्य रमाकांत पलहा द्वारा योग अभ्यास कराया गया। योग अभ्यास में विजयनगर एवं अनमोल वाटिका से 125 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। योगाचार्य रमाकांत ने बताया की श्री यथार्थ फाउंडेशन द्वारा रोज सुबह 6 बजे विजयनगर के विशाल शिव पार्क एवं अनमोल वाटिका के सेंट्रल पार्क में अनुज तिवारी के द्वारा निः शुल्क योग कराया जाता है। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योगाचार्य ने बताया की आधुनिक युग में तमाम तनाव एवं रोगों से मुक्ति के लिए योग ही अचूक उपाय है जो न सिर्फ शरीर को स्वस्थ करता है साथ ही आध्यात्मिक उन्नति के पथ पर ले जाता है। योग अभ्यार्थियों ने योग अभ्यास के उपरांत मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



## सदभावना मंच का ईद मिलन कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** सद्भावना मंच का ईद मिलन प्रोग्राम 5 मई को हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। प्रोग्राम का संचालन मंच के सचिव शकील साहब ने किया। इस मौके पर सभी धर्म के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सद्भावना मंच के सदस्य गुलाम रसूल ने बताया कि सारी दुनिया में भारत देश ही एक ऐसा देश है जहां सभी धर्म, जाति और सम्प्रदाय के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं और यही इस देश की खूबसूरती है। सद्भावना मंच का मकसद है कि हम आपस में मिलजुलकर रहें ताकि हमारा देश तरक्की की राह में ऊंचाइयों को छुए। इस अवसर पर अमित पांडे ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ऐसे प्रोग्राम की सख्त जरूरत है जिससे कि लोग आपस में मिले-जुले और एक-दूसरे को जानें समझें जिससे समाज में अच्छा माहौल निर्मित हो।

## नीट पेपर आउट मामले की सीबीआई जांच की मांग



**जबलपुर।** व्यापम जैसे घोटाले से सरकारों ने सीख नही ली देश में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ जारी है उक्त आरोप लगाते हुए मनीष शर्मा संयोजक नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने बताया की प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के पटना तथा राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर में नीट के पेपर आउट करने की घटनाएं सामने आई है। मनीष शर्मा ने बताया की संपूर्ण मामले में एग्जाम लेने वाली नेशनल टेस्ट एजेंसी ने आश्वासन देकर पल्ला झाड़ लिया है, केंद्र सरकार को ईमेल कर घटनाओं की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

# स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया



**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत एवं नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार आज विधानसभा वार विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान के दुसरे चरण के तीसरे दिन संभाग क्र. 10 के महर्षि सुदर्शन वार्ड क्र. 64 के अंतर्गत आने वाले जेपी मेमोरियल स्कूल में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इससे पूर्व मस्ताना चौक गणेशगंज स्कूल से स्वच्छता रैली कार्यक्रम का का प्रारंभ किया गया जो की वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए जेपी मेमोरियल स्कूल में समाप्त हुई जिसमें महर्षि सुदर्शन वार्ड के आम नागरिकों, संभाग क्रमांक 10 के अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं नगर निगम टीम की उपस्थिति में वार्ड के विभिन्न गलियों में स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया एवं नगर पालिक निगम एवं शासन की योजनाओं का लाभ एवं उनकी जानकारी दी गई। साथ ही आम नागरिकों की समस्याओं का उनके द्वार पर जाकर निराकरण किया गया। अभियान के नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) शैलेन्द्र मिश्रा, संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सुनील गुजराती, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल मिश्रा, अगस्ते वर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक दिलिप गिराय, उमा विश्वकर्मा सभी वार्ड के सुपरवाइजर, नगर निगम की आईईसी टीम एवं संभाग के सभी विभाग के कर्मचारी की उपस्थिति में व्यापारिक एवं रहवासी एरिया के आम नागरिकों, दुकानदारों, एवं राहगीरों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खतरे एवं उससे होने वाली बीमारियों के संबंध में बताया गया।

# शासकीय कालोनियों के जर्जर आवासों के मरम्मत कार्य शीघ्र कराए जाएं, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते शासकीय आवास जर्जर होते जा रहे हैं, शासकीय कालोनी शंकरशाह नगर रामपुर में आलम यह है की सिर्फ विभाग विशेष कर्मचारी के आवास ही मरम्मत किए जाते हैं शेष पर इनकी अनुकम्पा नहीं बरसती है। कुछ लोगों पर तो इनकी इतनी कृपा होती है की शासन के द्वारा तैयार किए गए ढांचे टाइप के विरुद्ध अतिरिक्त हाल तैयार कर दिए जाते हैं। संगठन के प्रदेष अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, दिनेष गौंड़, राकेष श्रीवास, रऊफ खान, एनोस विक्टर, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, गुडविन चाल्स, फिलिप अन्थोनी आदि ने कमिश्नर से मांग की है की शासकीय कालोनी के समस्त आवासों की एकरूपता से मरम्मत कार्य काराएं जाएं।

# रामकथा के छठे दिन 1101 सुहागलों का आयोजन



**जबलपुर।** कांचघर मयूर कला मंदिर बरऊ मोहल्ला बीएम कालोनी में भवानी परिवार एवं महंत मनीषा दीदी के तत्वावधान में वैसाख मास पर सात दिवसीय संगीतमय रामकथा का आयोजन 01 से 07 मई तक किया गया है, 08 मई को पूर्ण आहुति, कन्या भोज एवं भंडारे के साथ कथा का समापन होगा।

कथा के छठे दिन महंत मनीषा दीदी के संयोजन में 1101 सुहागलों का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से महिलाएं शामिल हुईं। सभी को सुहागल सामग्री वितरित की गई। मनीषा दीदी ने सनातन परंपरा सुहागल के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में शिवानी किन्नर, स्वीटी, शामली झा, मंजू दुबे, उषा झा, सोना झा, माया सिंग, यश सहित सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।


**न्यायालय तहसीलदार**
**गोरखपुर-1 जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्र./3284/अ-6/2024-25 जबलपुर, दिनांक 3/5/24
**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हिरदेपुर प.ह.नं. 20 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सरदार हरगोपाल सिंह S/o सरदार अमर सिंह निवासी 1884 गुप्तेश्वर जबलपुर के द्वारा मौजा हिरदेपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. जबलपुर-1 स्थित भूमि खसरा नं. 4/1/1/8/1/1, 5/1क, 5/2क, 7/2क रकवा 4050 मे से 2025 वर्गफुट/ हे. भूमि का नामांतरण/फौती नामांतरण/ वसीयत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में पेश किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 15/05/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-3/5/24
पेशी दिनांक-15/5/24
मुद्रा
तहसीलदार
गोरखपुर

**न्यायालय तहसीलदार**
**गोरखपुर-1 जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्र./3283/अ-6/2024-25 जबलपुर, दिनांक 3/5/24
**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हिरदेपुर प.ह.नं. 20 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती मनप्रीत कौर पति सरदार हरगोपाल सिंह, निवासी 1884 गुप्तेश्वर जबलपुर के द्वारा मौजा हिरदेपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. जबलपुर-1 स्थित भूमि खसरा नं. 4/1/1/8/1/1, 5/2क, 5/1क, 7/2क रकवा 2025 वर्गफुट/ हे. भूमि का नामांतरण/फौती नामांतरण/ वसीयत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में पेश किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 15/05/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-3/5/24
पेशी दिनांक-15/5/24
मुद्रा
तहसीलदार
गोरखपुर

**CHANGE OF NAME**

I, KANCHAN SINGH BAGHEL (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. JC-697273F RANK- SUB MAJ NAME- PUSHPRAJ SINGH BAGHEL presently residing at VILL-BARELI, PO- BARELI, TEH- GOHPARU, DIST-SHAHDOL (MP)-484770 I have change of my name from KANCHAN SINGH BAGHEL (name as per my Husband army service record) to KANCHAN SINGH (name as per my ADHAAR CARD, PAN CARD, BANK ACCOUNT AND MY VOTER ID CARD vide affidavit dated 03/05/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME- KANCHAN SINGH
INCORRECT NAME
KANCHAN SINGH BAGHEL


# सावधानी हटते ही, करंट से हो सकती हैं दुर्घटनाएं

**जबलपुर।**



पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जनता को आगाह किया है कि जरा सी असावधानी करंट से बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बनाकर रखें। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। आँधी तूफान में खंबे, तार आदि टूटने पर इसकी सूचना तत्काल कंपनी के उपभोक्ता सेवा केंद्र के टोल फ्री नं. 1912 पर एवं समीप के विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय में दें।विशेष रूप से ध्यान दें कि यदि जमीन पर बिजली के तार टूटे पड़े हैं तो उन तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें, साथ ही उनके ऊपर से निकलने का प्रयास न करें। पान टपरों तथा ऐसी दुकानों जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराई जाए। किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे, स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। करंट से सावधानी जरूर बरतें ताकि किसी तरह की कोई बड़ी दुर्घटना न घटे। हमारी सावधानी ही करंट से बचाव करने में सहायक है।पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें। अपने मवेशी को बिजली के खम्बे, स्टे वायर इत्यादि से न बांधें। कपड़े सुखाने के लिये जी. आई. तार अथवा रस्सी, सर्विस लाईन के पाईप या बिजली के खम्बों से कभी न बांधे। इसमें करंट आने की संभावना बनी रहती है। घर की दीवार, उपकरण, नल आदि में लीकेज करंट आने पर प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से तत्काल ठीक कराएं। खेतों में लोहे के कटीले तारों की फेंसिंग को आपस में शार्ट कर कई स्थानों पर अर्थिंग कराएं। इन तारों में असावधानीवश करंट आने की संभावना बनी रहती है। इससे जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता है।


**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/26
दिनांक:- 06/05/2024
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री सुबोध जैन पिता स्व. श्री नेमीचंद जैन (2) श्रीमती भारती जैन पति श्री सुबोध जैन ने मकान नं. 906/2, वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 435 व.फु., प्रथमतल 435 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/27
दिनांक:- 06/05/2024
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री डॉ. आशीष डेंगरा पिता श्री सेवाराम डेंगरा (2) श्रीमती जिज्ञासा डेंगरा पति श्री डॉ. आशीष डेंगरा ने मकान नं. 487, वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 240 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/28
दिनांक:- 06/05/2024
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री शिरीष परांजपे (2) श्री मिलिंद परांजपे (3)श्रीमती मृणलिनी पाठक तीनों के पिता स्व. श्री पुरूषोत्तम परांजपे ने मकान नं 50.1, वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 2217+300 व.फु. मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर



मातृ दिवस, 12 मई
विशेष

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
7 मई 2024

# सहेली

h मां मनुष्य के होंठों पर सबसे सुंदर शब्द है।
-खलील जिब्रान



अनुभूति

## जीवन की डगर पर मां की सीखें



बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार को माना जाता है। इस पाठशाला की प्रथम अध्यापिका मां होती है, जिसकी देख-रेख में बच्चे जीवन की वो सीखें लेते हैं, जो जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी हैं। यहां अपने-अपने क्षेत्र की तीन हस्तियां सहेली को बता रही हैं, इन्होंने अपनी मां से कौन-सी ऐसी बातें सीखीं, जो जीवन के लिए जरूरी सबक हैं।

### काम के साथ घर का ख्याल रखना मां से सीखा

**अपरा मेहता, अभिनेत्री**



**मेरी मां** मंदाकिनी मेहता सुशिक्षित और आधुनिक विचारों वाली महिला थीं। मैं उनकी इकलौती संतान हूं, फिर भी उन्होंने मुझे बहुत ही अनुशासन में रखा। अधिक लाड़-प्यार देकर उन्होंने मुझे बिगड़ने नहीं दिया। मेरी मां पढ़ाई के साथ स्कूल की हर एक्टिविटी में हमेशा मुझे सबसे आगे रखती थीं। मां खुद भी थिएटर ऑर्टिस्ट थीं, लेकिन शादी के बाद जब मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसकी देखभाल के लिए उन्होंने अपना काम छोड़ दिया, क्योंकि अभिनय के क्षेत्र में वह मुझे आगे बढ़ते देखना चाहती थीं। मेरे करियर के लिए उन्होंने अपना करियर दांव पर लगा दिया। बचपन में जब मां मेरे साथ सख्ती भरा व्यवहार करती थीं, मुझे बहुत बुरा लगता था, लेकिन अब समझ में आता है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह उनके कारण ही हूं। बचपन में मैं क्लास में हमेशा फर्स्ट आती थी, वह मेरी तारीफ नहीं करती थीं। उनका कहना था कि अपने बच्चे की प्रशंसा तो सभी करते हैं, असली उपलब्धि तो तब है, जब दूसरे लोग हमारे बच्चे की तारीफ करें। मेरी मां ने मेरी परवरिश इस तरह से की कि मैं एक नेक इंसान बनूं। जब मेरे पिता जी का निधन हो गया तो उसके बाद मैंने उन्हें हमेशा के लिए अपने पास बुला लिया ताकि मैं उनकी अच्छी तरह देखभाल कर सकूं। मेरी बेटी खुशाली को भी उन्होंने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं। मेरी मां बहुत अच्छी होममेकर थीं, घर को बहुत सजा-संवार कर रखती थीं। काम के साथ घर का ख्याल रखना मैंने उनसे ही सीखा है। मुझे याद है, जब भी मैं अनावश्यक शॉपिंग करती तो वो मुझे बहुत डांटती थीं। मुझे हमेशा सोच-समझकर खर्च करने के लिए प्रेरित करती थीं। दो साल पहले 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें याद करते हुए यही कहना चाहूंगी कि अपनी बेटी के लिए मैं भी वैसी ही मां बनने की कोशिश कर रही हूं, जैसी वह एक आदर्श मां थीं। a

बच्चों के लिए मां सिर्फ एक शब्द नहीं, उनका अनोखा-प्यारा संसार है। मां की अंगुली पकड़कर बच्चे चलना-बोलना और जीवन जीने की कला सीखते हैं। मां अनुभूतियों का ऐसा समंदर है, जिसकी गहराई में बच्चे मानवीय मूल्यों से जुड़ते हैं, रिश्ते निभाना सीखते हैं। मां का ममत्व वो शीतल छांव है, जिसके तले आकर बच्चे तपते सूरज की तपिश भूल जाते हैं। मां के बिना जीवन अधूरा है। मां है तो जीवन रोशन है। मां की महिमा अपरंपार है।

## मां अनुभूतियों में रचा-बसा रिश्ता

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

हर बच्चे के लिए स्नेह और सुकून की प्यारी छांव-सी होती है- मां। बच्चे के दुनिया में आने से पहले उसका मां से जुड़ जाने वाला रिश्ता सचमुच अनमोल होता है। मानवीय जीवन को पालने-पोसने की इस यात्रा में एक मां अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। यह रिश्ता मन की अनुभूतियों की बुनियाद पर टिका होता है। जीवन के हर पड़ाव पर मां का भरोसा बच्चों को थामे रखता है। जीवन मूल्यों को सीखने-सिखाने का यह सफर मन के बंधन का सबसे सुंदर रिश्ता है। दायित्व निर्वहन से जुड़ी मेहनत हो या भावनाओं को समझने का मामला, मां स्वयं एक उदाहरण बनकर बच्चों को जीवन के हर पहलू से जुड़ी सीख देती है।

### ममत्व के साथ जीवन की सीखें

मां के मन में रचा-बसा ममता का भाव, बच्चों का जीवन संवारता है। हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिलने वाली शिक्षा का कोई दूसरा पर्याय नहीं है। ममत्व की नमी के साथ अनुभवों को वास्तविकता का रंग देकर मां अपने बच्चों को भविष्य में हर परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार करती है। मातृत्व का भाव ही ऐसा है कि बच्चों की कमजोरियों को दुनिया से छुपाने वाली मां स्वयं बिन बताए उनकी हर कमजोरी को समझ जाती है। इसी समझ के बल पर बच्चों को भी स्नेह भरी समझाइश के साथ उनकी हर कमी से उनको बाहर निकाल लाती है। बच्चों के मन को जीवन के हर पड़ाव पर मजबूती देने का काम मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता। मां ही बच्चों को अपने परिवार, परिवेश से जुड़ना सिखाती है। कामयाबी की राह पर बढ़ने का बल देती है। मां,



तकलीफों से जूझना भी सिखाती है और सुकूनदायी लम्हो को जी भरकर जीना भी। परेशानियों के दौर में संभलने और आनंद के समय मुस्कुराने का पाठ तो मां बच्चे को दुनिया में आने से पहले ही सिखाने लगती है। मातृत्व की जिम्मेदारी से जुड़ा ममत्व का भाव बच्चों को मानवीय पीड़ा समझने का भी पाठ पढ़ाता है। तभी तो हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिली हर सीख आज भी समाज और परिवार को बांधने-साधने का माध्यम बनी हुई है।

### नेह की नमी का पोषण

मां के नेह की नमी बच्चों के जीवन की जड़ों को सींचती है। बात केवल शारीरिक-मानसिक देखभाल की नहीं, मां का साथ मनोभावों के मोर्चे पर भी बालमन को थामने का काम करता है। उम्र भर मां का यही स्नेह जीवन की जद्दोजहद में आत्मबल जुटा लेने का हौसला देता है। उलझे हालातों की कड़ी धूप में मां के स्नेह का भाव शीतल छाया के समान लगता है। जीवन के कठिन से कठिन दौर में भी अपने बच्चों का साथ ना छोड़ने वाली मां का मन बदलते समय के साथ भी नहीं बदला है। तकनीक की दस्तक और काम-काजी भाग-दौड़ के बावजूद बच्चों पर स्नेह लुटाने की उसकी सोच आज भी कायम है। हमारे सामाजिक परिवेश में तो अपने हर सपने को छोड़ बच्चों का जीवन संवारने के लिए जिंदगी दांव पर लगा देने वाली मांएं भी कम नहीं हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव तक भी मां का मन खुद माता-पिता बन चुके अपने बच्चों के लिए चिंतित रहता है। उसके प्यारे रिश्ते के नेह की नमी कभी नहीं सूखती।

### अनुभूतियों का पुल

मां और बच्चों को अनुभूतियों का एक साझा पुल जोड़कर रखता है। तभी तो मां बच्चों की चुप्पी को ही नहीं, आक्रोश को भी समझ जाती है। प्रेम-स्नेह को ही नहीं, शिकायतों को भी मन से स्वीकारती है। मार्क ट्वेन ने कहा है, 'मां के बिना जीवन अधूरा होता है।' सच ही है, क्योंकि बच्चों की खुशी और पीड़ा दोनों में साथ देने वाली मां ही होती है। कही-अनकही हर बात को समझने वाला दिल बस मां के पास ही होता है। बच्चों की खुशी में भी मां की आंखों से आंसू बह निकलते हैं। उपलब्धियों और सफलता के दौर में भी सधकर चलने और शीर्ष पर बने रहने का आशीष मां का मन ही दे सकता है। बिना किसी शर्त के समर्पण और स्नेह भरी अनुभूतियों को लिए मातृत्व का संसार पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस जुड़ाव को सींचता आ रहा है। आज भी पीड़ा में सबसे पहले मुंह से मां शब्द ही निकलता है। भय से जूझते हुए मां के प्यारे स्पर्श और कड़कती धूप में सिर पर डाल देने वाले आंचल की ही याद आती है। सफलता हो या असफलता, हर पड़ाव पर छोटी-छोटी सीख देकर जीवन को दिशा देने वाली मां का ख्याल आ ही जाता है। कितनी ही भूमिकाएं निभाती मां हर पल मन-जीवन में अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। इसीलिए कहा भी गया है कि मां, वह है, जो अन्य सभी की जगह ले सकती है, लेकिन एक मां की जगह कोई और नहीं ले सकता। a

### मां से मिली सेवा भावना

**ममता कालिया, साहित्यकार**



**अपनी मां** से मेरा रिश्ता पारंपरिक ढर्रे से कुछ अलग हटकर था। इसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि उनकी शादी के बाद जल्द ही हम दोनों बहनों का जन्म हुआ। दो बेटियों के जन्म के बाद रिश्तेदार उन्हें देखकर उनके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करने लगे कि इस बेचारी की दो बेटियां हैं, इन बातों से मेरी मां अकसर उदास रहती थीं। मेरी बड़ी बहन बहुत सुंदर थी, जबकि मेरी शक्ल, सूरत बेहद मामूली थी। शायद इसी वजह से मां मेरे प्रति थोड़ी अनमनी-सी रहती थीं। इसके अलावा मेरी रुचि पढ़ने-लिखने में ज्यादा थी, घर के काम-काज में मैं उनका जरा भी हाथ नहीं बंटाती थी। इस मामले में पिताजी भी मेरा साथ देते थे। इसी वजह से बचपन में मां के साथ मेरे रिश्ते में प्रगाढ़ आत्मीयता नहीं थी, लेकिन बहन की शादी के बाद मां बहुत बीमार रहने लगीं। तब उनके साथ वक्त बिताने की वजह से उनसे मेरा भावनात्मक बंधन मजबूत हुआ। उनमें सेवा की भावना बहुत ज्यादा थी, दूसरों की मदद करना मैंने उनसे ही सीखा है। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, पर मदर्स-डे के अवसर पर मैं उनसे यही कहना चाहूंगी कि मां अब मैं तुम्हारी आज्ञाकारी बेटी बन गई हूं। तुम्हारी ही तरह मैं भी अपना घर सुव्यवस्थित रखती हूं। a

### मां ने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया

**इरा टाक, लेखिका-फिल्म निर्मात्री**



**मेरी मां** कॉलेज में प्राध्यापिका थीं। वह बहुत ज्यादा पढ़ती थीं, भाषा के प्रति वह बहुत सचेत रहती थीं। पढ़ने-लिखने और भाषा के प्रति अच्छी समझ रखने का संस्कार मुझे अपनी मां से ही मिला है। उन्होंने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया। दस-बारह साल की उम्र में उन्होंने मुझे खाना बनाना सीखा दिया था। मैंने अपने कपड़े धोने सीखे, प्रेस करना सीखा। दूसरे भी वो काम करने लगी थी, जो बड़े करते हैं। बचपन में मैं अपनी पॉकेटमनी से पैसे बचाकर हर साल मदर्स-डे के अवसर पर उनके लिए गिफ्ट खरीद कर जरूर लाती थी। मुझे याद है, रात को सोने से पहले वह अकसर मुझे कहानियां सुनाती थीं। इन कहानियों जो सीख मिलती थी, उसको भी वह बताती थीं। मां की सुनाई कहानियों से मैंने जीवन के कई सबक सीखे। अच्छे-बुरे के बारे में जाना। किताबें पढ़ने की अच्छी आदत मुझे उनसे ही मिली है। अपनी मां से मैंने जीवन में अनुशासन का सबक सीखा है। उन्हीं की वजह से ही मैं आज भी अनुशासित दिनचर्या अपनाती हूं। a

प्रस्तुति : विनीता




सलाह / मनीषा

## हर दिन हो मां के लिए खास...

हम साल में सिर्फ एक दिन मदर्स-डे मनाकर अपनी मां के प्रति प्रेम-स्नेह और कृतज्ञता के भाव प्रकट करके इतिश्री मान लेते हैं, जबकि हमारी मांएं हमारे लिए जितना कुछ करती हैं, उनके लिए यह एक दिन का शुक्राना बहुत कम है। सच तो यह है, हमें लगता है कि घर के काम करना, हमारा खयाल रखना तो मां की आदत है। जबकि हमें भी उनकी जरूरतों और भावनाओं का खयाल रखना चाहिए। इसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**घरेलू कार्यों में सहयोग दें :** हमारी मांएं सुबह से लेकर शाम तक घर के कामों में लगी रहती हैं, उन्हें आराम करने का समय नहीं मिलता, जबकि उनके स्वास्थ्य के लिए आराम जरूरी है। वह आराम तभी कर आएंगी जब उनके काम का बोझ कम होगा। उनका यह बोझ तभी कम होगा, जब हम घर के कामों में उनका हाथ बंटाएंगे। हम रोजमर्रा के घरेलू कार्यों जैसे किचेन में सब्जी काटकर, रोटियां बेलकर, डाइनिंग टेबल पर खाना सर्व करके घर की सफाई में मदद करके उनके



कामों को हल्का कर सकते हैं। हमारी इस मदद से उन्हें आराम मिलेगा।

**मां के लिए समय निकालें:** चाहे आप कितनी ही व्यस्त क्यों ना रहती हों, आप रोजाना अपनी मां से बातें करने के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान उनकी सुनें, उनका हाल जानें। अगर सेहत से संबंधी कोई परेशानी हो तो उन्हें डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इससे उन्हें लगेगा उनका कोई ख्याल रखने वाला है।

**शौक पूरा करने के लिए प्रेरित करें:** हमारी परवरिश और घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभाने के चक्कर में हमारी मांओं के पास अपने लिए कोई समय नहीं बचता, इस कारण उनके कुछ शौक, ख्वाहिशें पूरी नहीं हो पातीं। लेकिन अब आप उनकी हॉबीज जानें। इसे पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इस तरह जब आप अपनी मां का खयाल रखेंगी तो हर दिन मां के लिए खास होगा। a




डाइट सजेशन

**डॉ. शालिनी सिंघल, डाइटिशियन, दिल्ली**

आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मां हमेशा हेल्दी-एनर्जेटिक रहें, ओल्ड एज में होने वाली हेल्थ प्रॉब्लम्स से बची रहें। इसके लिए आपको उनके हेल्थ की प्रॉपर केयर के साथ ही उनकी डाइट का भी ध्यान रखना होगा।

## तब आपकी मां रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

पचास की उम्र के बाद होने वाले शारीरिक-मानसिक बदलावों का असर सभी महिलाओं पर पड़ता है। इस एज में वे मेनोपॉज की स्थिति से गुजर रही होती हैं या गुजर चुकी होती हैं। इस उम्र में शरीर का मेटाबॉलिक रेट कम होने से इम्यून सिस्टम कमजोर, बोन डेंसिटी कम और मसल्स लॉस होने लगते हैं। इन वजहों से वे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ऑस्टियोपोरोसिस, इनसोम्निया, एंग्जाइटी, डिप्रेशन जैसी कई बीमारियों की गिरफ्त में आ सकती हैं। ऐसा आपकी मां के साथ ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी मां का पूरा खयाल रखें।

**न्यूट्रिशस डाइट है जरूरी:** अपनी मां को ऐसी डाइट दें, जिनमें सभी मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स) शामिल हों। इसके लिए उनके हर मील में सभी फूड ग्रुप्स होने चाहिए। कहने का मतलब है कि उनकी डेली डाइट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), बोंस को स्ट्रॉन्ग बनाने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिंस, मिनरल्स) फूड्स जरूर शामिल करने चाहिए।

**इम्यूनिटी बूस्टर फूड्स:** ओल्ड एज में इम्यून सिस्टम कमजोर होने से न्यूट्रिशन संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं। इसलिए मां की डाइट में फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स को शमिल करके उनको हेल्दी बनाए रख सकते हैं। इसके लिए आपको हल्दी, जीरा, तुलसी के पत्ते, दालचीनी, अदरक, लहसुन जैसे इम्यूनिटी बूस्टिंग फूड्स किसी न किसी रूप में अपनी मां को जरूर देना चाहिए।

**फाइबर रिच आइटम्स:** बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं का डाइजेस्टिव सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। ऐसे में उन्हें फाइबर रिच फूड्स जैसे- चोकरयुक्त आटा, साबुत दालें, साबुत अनाज देने से उनको डाइजेशन संबंधी परेशानियां नहीं होंगी।



**ग्रीन वेजिटेबल्स:** हरी सब्जियां (खासकर पत्तेदार सब्जियां) कैलोरी में कम लेकिन विटामिन बी, ए, के, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ये हड्डियों को मजबूती देने के साथ ओवरऑल हेल्थ बनाए रखने में भी मदद करती हैं। इसलिए आप अपनी मां को डेली कम से कम दो छोटी कटोरी सब्जियां जरूर खिलाएं। सलाद खाना सेहतमंद होता है। लेकिन अगर आपकी मां के दांत कमजोर हो रहे हैं, तो उन्हें कच्ची सब्जियां या सलाद कद्दूकस करके या बारीक कटी ही खाने के लिए दें ताकि उन्हें चबाने में या पाचन संबंधी दिक्कत न हो।

**प्रोटीन रिच फूड्स:** ओल्ड एज में होने वाले मसल्स लॉस से बचाने के लिए अपनी मां की डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे- दालें, सोयाबीन, मूंगफली, अंडे, लो-फैट गाय का दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स आदि ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए।

**कैल्शियम-विटामिन डी:** बोन डेंसिटी कम होने या ऑस्टियोपोरोसिस से बचाने के लिए मां की डाइट में कैल्शियम और विटामिन डी भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। कैल्शियम के लिए लो फैट दूध और दूध से बने पदार्थ, सोयाबीन और उससे बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, सफेद तिल, सीड्स, रागी का आटा जैसे फोर्टिफाइड अनाज ले सकती हैं। विटामिन डी के लिए मशरूम, साल्मन मछली, अंडे, कॉडलिवर ऑयल लेना जरूरी है।

**हेल्दी फैट:** मां की डेली डाइट में हेल्दी फैट भी होना चाहिए। इसके लिए उन्हें सीमित मात्रा में देसी घी दे सकती हैं। इसके अलावा फूड के रूप में 3 टीस्पून या 15 मिली. हेल्दी ऑयल भी दे सकती हैं। इसके उनके बोंस स्ट्रॉन्ग रहेंगे और ज्वाइंट्स में ग्रीस भी बनी रहेगी।

**पानी-लिक्विड डाइट:** ओल्ड एज में स्किन प्रॉब्लम्स और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए मां को रोजाना पर्याप्त मात्रा में यानी 8 से 10 गिलास पानी पीने के लिए कहना चाहिए। आप चाहें तो उनको नीबू-पानी, नारियल पानी, लस्सी, मट्ठा, वेजिटेबल सूप, फ्रूट जूस जैसे लिक्विड डाइट भी दे सकती हैं।

**नमक-चीनी की मात्रा:** मां की डाइट में नमक और चीनी संतुलित मात्रा में होने चाहिए। खाने में चीनी या नमक ऊपर से डालकर नहीं खाने देना चाहिए। ज्यादा नमक से ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और ज्यादा चीनी से मोटापा, डायबिटीज होने का रिस्क बढ़ता है। डब्ल्यूएचओ भी एक वयस्क व्यक्ति को रोजाना 5 ग्राम से कम आयोडाइज्ड नमक और 15-20 ग्राम तक चीनी लेने की सलाह देता है। a

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

पाकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली पिच अधिक टिकाऊ

सतह को स्थापित करने में 'यूनिवर्सल मशीन' महत्वपूर्ण घटक

# धर्मशाला में भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का अनावरण

एजेंसी ⏭ धर्मशाला

भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

धूमल ने कहा, ''इंग्लैंड में लार्ड्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी।' प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती।



## पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर

पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके। टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए का आभार जताया। हाइब्रिड सतह को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण घटक 'यूनिवर्सल मशीन' है जिसे 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था और इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में समान पिचें बनाने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीसी ने टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है और योजना है कि इस साल से इनका इस्तेमाल चार दिवसीय काउंटी चैंपियनशिप में किया जाएगा।



## खेलने की परिस्थिति होगी नियंत्रित : टेलर

भारत में हालांकि अलग तरह की चुनौती है जहां एक शहर से दूसरे शहर के मौसम और परिस्थितियों में बड़ा बदलाव होता है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब एसआईएसग्रास के अंतरराष्ट्रीय बिक्री निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'आप (हाइब्रिड पिच पर) खेलने की परिस्थितियों को नियंत्रित कर सकते हैं क्योंकि वे मौलिक रूप से नहीं बदलते हैं। आप पिच में नमी की मात्रा को नियंत्रित कर सकते हैं। अगर आप सूखी पिच पर खेलना चाहते हैं, तो आप सूखी पिच पर खेल सकते हैं। अगर आप पिच पर अधिक घास छोड़ना चाहते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं।'

## बड़े बदलाव के संकेत

क्रिकेट के खेल में नई खोज और तकनीक से कई बदलाव आने के बावजूद पिच की तैयारी पारंपरिक ही रही है लेकिन अब 'हाइब्रिड पिचों' की शुरुआत ने इसमें भी धीरे-धीरे ही सही, बड़े बदलाव के संकेत दे दिए हैं। ब्रिटेन स्थित हाइब्रिड पिच निर्माता 'एसआईएसग्रास' इस नवाचार में सबसे आगे है और कंपनी के लिए सबसे बड़ी चुनौती किसी मैच के दौरान इस तरह की पिचों पर खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार रखने की होगी। 'एसआईएसग्रास' ने हालांकि इस कार्य को पूरा करने में विश्वास व्यक्त किया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1669 चौके

961 छक्के

## खबर संक्षेप



### रुबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

मैड्रिड। बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रेइ रुबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रुबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था।' नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे।

### स्कॉटलैंड की टी20 टीम में व्हील, जोन्स की वापसी

एडिनबर्ग। माइकल जोन्स और ब्रैड व्हील की स्कॉटलैंड की 15 सदस्यीय टी20 विश्व कप टीम में वापसी हुई है, जबकि समरसेट के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश डेवी इसमें जगह बनाने से चूक गए। डरहम और हैम्पशर का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रमशः जोन्स और व्हील को इस महीने की शुरुआत में नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए स्कॉटलैंड की टीम से बाहर रखा गया था।

आईपीएल कैपिटल्स को हर हालत में जीतने होंगे अंतिम तीन मैच

# दिल्ली हार से प्लेऑफ से होगी बाहर राजस्थान के खिलाफ मुकाबला आज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 मैचों में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं। ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए।



### पंत के लिए दोहरी चुनौती

अरुण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास आस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं।

### गेंदबाजों से मिलेगी कड़ी चुनौती

दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और उपयोगी गेंदबाज है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है लेकिन दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी रेट नौ से नीचे रहा है। खलील अहमद, मुकेश कुमार, लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया काफी महंगे साबित हुए हैं। पिछली बार दोनों टीमें मार्च में जयपुर भिड़ी थी जिसमें दिल्ली को पराजय का सामना करना पड़ा था।

### टीमें इस प्रकार हैं

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**दिल्ली कैपिटल्सः** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

खास खबर

## युगांडा के एनसुबुगा टी20 विश्व कप में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



कंपाला। युगांडा के ऑफ स्पिनर फ्रैंक एनसुबुगा 43 साल की उम्र में आगामी टी20 विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बनने के लिए तैयार हैं। युगांडा क्रिकेट संघ ने सोमवार को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ब्रायन मसाबा की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। रियाजत अली शाह टीम के उपकप्तान है। युगांडा ने अफ्रीका क्वालीफायर की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर टी20 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की की है। टीम अपने अभियान का आगाज तीन जून को गयाना में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। ये दोनों टीमें न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप सी में शामिल हैं। युगांडा टीमः ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उप-कप्तान), केनेथ वैसवा, दिनेश नकरानी, फ्रैंक एनसुबुगा, रौनक पटेल, रोजर मुकासा, कॉसमास कयेवुता, बिलाल हसुन, फ्रेड अचेलम, रॉबिन्सन ओबुया, साइमन सेसाजी, हेनरी सेसेनडो, अल्पेश रमजानी और जुमा मियाजी। रिजर्व खिलाड़ीः रोनाल्ड लुटाया और इनोसेंट म्वेबेज।

## भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति सिंह

नई दिल्ली। डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी। ज्योति ने कहा, 'टीम में अच्छा तालमेल हैं। हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं। सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं। विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिए बहुत अच्छा होगा।'



## टी20 विश्व कप: भारतीय टीम की नई जर्सी लांच



मुंबई। अगले महीने टी20 विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह मेजबानी में होने वाले इस विश्व कप को लेकर सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस टी20 विश्व कप में टीम इंडिया नई जर्सी में उतरेगी। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया की नई जर्सी लांच कर दी है। बीसीसीआई ने नई जर्सी को लांच करने के लिए खास अंदाज अपनाया। टीम इंडिया की नई टी20 जर्सी को हेलीकॉप्टर से लांच किया गया। वीडियो में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा नजर आए। रोहित कुलदीप और जडेजा को कुछ इशारा करते हैं, तभी हेलीकॉप्टर नजर आता है और उस पर टीम इंडिया की नई टी20 जर्सी टंगी दिखाई पड़ती है। इसे देखकर रोहित, कुलदीप और जडेजा हैरान रह जाते हैं।

## कोहली के खिलाफ बनाएंगे रणनीति

लाहौर। पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनायेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के सभी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है।

## महिला टी20 : भारत ने बांग्लादेश को हराकर दर्ज की लगातार चौथी जीत

एजेंसी ⏭ सिलहट

कप्तान हरमनप्रीत कौर की उम्दा पारी के बाद दीप्ति शर्मा की अगुवाई में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से भारत ने वर्षा से प्रभावित 14 ओवर के चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 56 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बनाई।

भारत ने हरमनप्रीत (39) और रिचा घोष (24) के बीच चौथे विकेट की 44 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 122 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (22) और डी हेमलता (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश को 125 रन का लक्ष्य मिला लेकिन दीप्ति शर्मा (13 रन पर दो विकेट), आशा शोभना (18 रन पर दो विकेट) और राधा यादव (12 रन पर एक विकेट) की फिरकी के जादू के सामने मेजबान टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और सात विकेट पर 68 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (21), रूबिया हैदर (13) और शोरिफा खातून (नाबाद 11) ही दोहरे अंक में पहुंच सकीं।


**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा**

**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत अ. डिपो लालपुर खैरबना (कवर्धा) में एकत्रित ईमारती काष्ठ एवं विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्टों तथा विभिन्न परिक्षेत्रों में रखे गये शासकीय / राजसात वाहन का नीचे दर्शित तिथि एवं समय में नीलाम किया जावेगा । इच्छुक क्रेता नीलाम में भाग ले सकते है। नीलाम की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 17/05/2024
नीलाम स्थल - कवर्धा डिपो
समय - प्रात: 09 बजे से

वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 37.899 | - | - | 132.586 | 46 | 572 | 170.485 | 46 | 572 |
| साल | 9.293 | - | - | 44.556 | - | - | 53.849 | - | - |
| बीजा | 13.772 | - | 22 | 0.697 | - | - | 14.469 | - | 22 |
| तिंसा | 0.707 | - | - | - | - | - | 0.707 | - | - |
| साजा | 9.423 | - | - | 1.118 | - | - | 10.541 | - | - |
| ह.मु. | 10.192 | - | - | 0.560 | - | - | 10.752 | - | - |
| धावड़ा | 4.667 | - | - | 2.193 | - | - | 6.860 | - | - |
| स.मो. | 34.430 | - | - | - | - | - | 34.430 | - | - |
| कसही | 0.469 | - | - | - | - | - | 0.469 | - | - |
| घांठा | 0.942 | - | - | - | - | - | 0.942 | - | - |
| अन्य | 37.341 | - | - | 7.284 | - | - | 44.625 | - | - |
| योग :- | 159.135 | - | 22 | 188.994 | 46 | 572 | 348.129 | 46 | 594 |

टीप :- दिनांक 17.05.2024 को कवर्धा काष्ठागार मे अ. डिपो लालपुर खैरबना के ईमारती काष्ठ के नीलाम पश्चात विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्टों एवं विभिन्न परिक्षेत्रों में रखे गये शासकीय / राजसात वाहनो का नीलाम किया जावेगा । विवरण निम्नानुसार है :- (अ) अ.ज. डिपो रामपुर में एकत्रित साल प्रजाति के 199 चट्टा बानो डिपो में एकत्रित सागौन प्रजाति के 10 चट्टा, मिश्रित प्रजाति के 45 चट्टा, सलिहा प्रजाति के 66 चट्टा, कुलयोग 320 जलाऊ चट्टा (ब)स. लोहारा परिक्षेत्र के अंतर्गत रखे गये शासकीय वाहन ( बुलेरो) क. सीजी 02 एफ 0250, परिक्षेत्र रेंगाखार में रखे गये राजसात वाहन मोटर साइकिल क. सी.जी.09 डी 322 ट्रैक्टर फार्म ट्रैक सोल्ड, परिक्षेत्र खारा में रखे गये मोटर साइकिल क. सी. जी. 08 एफ 0401 (ब) ब्यापारी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं PAN No./ GST No. प्रस्तुत करना अनिवार्य है । किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तो का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लॉट के सम्बंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10% के बराबर या 1000/- रू. इनमें से जो अधिक हो, बयाने की राशि जमा करना होगा।

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा

जी-242500043/2


विश्व एथलेटिक्स : महिलाओं का अद्वितीय प्रदर्शन

# भारतीय रिले टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ⏭ नासाउ

भारतीय महिला और पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रुपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री डांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरुष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही।







### रमेश की जगह शामिल हुए राजीव

पहले दौर में पुरुष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरुष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में 3:00.25 में रेस पूरी करके एशियाई रिकार्ड तोड़ा था। इसके बाद विश्व चैंपियनशिप 2023 में 2:59.5 का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया था।

### महिला टीम ने खींचा ध्यान

दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा क्योंकि फोकस पुरुष टीम पर था जिसने टोक्यो ओलंपिक और 2023 विश्व चैंपियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा था। इसके अलावा 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता था।




## बहन की शादी की खुशियां मातम में बदली

# ट्रैक्टर पलटने से युवक सहित पांच नाबालिग बच्चों की मौत, 2 घायल

**जबलपुर।** थाना चरगवां अंतर्गत ग्राम तिनेटा में एक ठाकुर (गौंड) परिवार में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब दुल्हन का भाई पानी लेने के लिए ट्रैक्टर जा रहा था। ट्रैक्टर में 7 बच्चें भी घूमने के शौक में सवार हो गए। यह ट्रैक्टर रास्ते में एक खेत में पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक युवक व चार बच्चों की मृत्यु हो गई हैं वहीं 02 बच्चे घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे जिला प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 50-50 हजार रुपए और घायलों के लिए 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायत स्वीकृत की गई। प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह घायल बच्चों को देखन के लिए सोमवार की दोपहर मेडीकल कॉलेज पहुंचे जहां घायल बच्चों के परिजनों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी और डॉक्टरों को घायल बच्चों के समुचित इलाज करने के निर्देश दिए।





### आज आनी थी बहन की बारात

चरगवां थाना अंतर्गत तिनेटा देवरी गांव में धर्मेन्द्र ठाकुर की बहन का विवाह समारोह चल रहा था आज बारात आनी थी। बारातियों और घरातियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए धर्मेन्द्र ट्रैक्टर लेकर पानी की व्यवस्था करने के लिए निकला था। रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक खेत में पलट गया, ट्रैक्टर को धर्मेन्द्र गौंड चला रहा था। इस हादसे में 18 वर्षीय धर्मेन्द्र सहित चार नाबालिग बच्चों की मृत्यु हो गई, जबकि दो घायल हो गए। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निजी साधनों से घायलों को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी लगने के बाद चरगवां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है।

### बच्चों का शौक बन गया मौत का कारण

बताया जा रहा है कि जिन बच्चों की मौत हुई है, उनका सिर्फ इतना कसूर था कि उन्हें ट्रेक्टर में बैठने का शौक था। धर्मेंद्र के ट्रेक्टर में बैठकर वे थोड़ा घूमना चाहते थे और इसलिए पानी लेने जाने लगे, लेकिन उनका यह शौक ही उनकी मौत का कारण बन गया। बच्चों के परिजन सदमे में आ गए और हंसी खुशी का माहौल गम में बदल गया।

### ट्रैक्टर चालक सहित 5 की मौत

चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चरगवां थाना अंतर्गत तिनेटा देवरी गांव में धर्मेंद्र ठाकुर की बहन की सोमवार शादी थी घर में बारात आना थी। धर्मेंद्र ठाकुर अपने साथ 12 वर्षीय अनूप बरकड़े 13 वर्षीय राजवीर ठाकुर 15 वर्षीय देवेंद्र वरकडे एवं 10 वर्षीय लकी मरकाम को ट्रैक्टर में लेकर बहन की शादी के लिए पानी व अन्य सामान लेने के लिए घर से रवाना हुआ था वह घर से करीब 500 मीटर ट्रैक्टर लेकर पहुंचा ही था कि ट्रैक्टर अनंत्रित होकर खेत में पलट गया जिसमें सवार धर्मेंद्र सहित पांच नाबालिकों की मौत हो गई। मरने वालों में 18 वर्षीय धर्मेंद्र पिता राम प्रसाद ठाकुर, 15 वर्षीय देवेंद्र पिता मोहन बरकड़े, 13 वर्षीय राजवीर पिता लखनलाल गौंड, 12 वर्षीय अनूप बरकड़े पिता गोविंद बरकडे व 10 वर्षीय लकी पिता लोचन मरकाम शामिल हैं। इनके शवों का पंचनामा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।

### दो बच्चे घायल

इस दर्दनाक हादसे में दो नाबालिग बच्चें घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक 12 वर्षीय दलपत पिता निरंजन गौंड और 10 वर्षीय विकास पिता राम कुमार उइके शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### मच गई अफरा-तफरी

ट्रेक्टर पलटने की घटना की खबर गांव में फैलते ही गांव में अफरा तफरी का माहौल मच गया। ट्रैक्टर जिस खेत में पलटा वह मेन रोड पर ही लगा हुआ था ऐसे में घटना को देखने वालें तमाशबीनों की भीड़ भी लग गई। बाद में पुलिस ने समझाईश देकर भीड़ को तितर-बितर किया। मर्ग कायम कर पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

### लोक निर्माण मंत्री घायलों को देखने पहुंचे

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तीसरे क्रम के लोकसभा प्रचार से फुर्सत होकर सोमवार की सुबह ही जबलपुर पहुंचे थे। घटना के संज्ञान में आते ही वे मेडीकल कॉलेज पहुंचे और घायल बच्चों के उपचार की जानकारी ली। घायल बच्चों के परिजनों से बातचीत कर समुचित उपचार का भरोसा दिलाया। लोक निर्माण मंत्री ने मेडीकल कॉलेज के चिकित्सकों को बच्चों के बेहतर उपचार करने के निर्देश भी दिए।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों और घायलों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि घटना में मृतकों के परिजनों को 50-50 हजार रुपए और घायलों के उपचार के लिए 10-10 हजार रुपए तात्कालिक रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

## हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

# ईडब्ल्यूएस को महज सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित पदों में से 10 प्रतिशत आरक्षण मान्य

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस यानि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सम्बंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। इसके जरिये न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने साफ कर दिया कि ईडब्ल्यूएस को को महज सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित पदों में से ही 10 प्रतिशत आरक्षण मान्य होगा, कुल पदों में से नहीं। इस टिप्पणी के साथ ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों की ओर से दायर याचिकाएं निरस्त कर दी गईं। शहडोल निवासी अंकुश मिश्रा, कटनी निवासी पुष्पेंद्र सिंह राजपूत के अलावा रायसेन, रीवा, राजगढ़, सीधी, छिंदवाड़ा आदि जिलों के निवासी ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों की ओर से याचिका दायर कर बताया गया कि व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने लेबोरेटरी टेक्निशियन के 219 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। बहस के दौरान दलील दी गई कि 10 प्रतिशत आरक्षण के तहत ईडब्ल्यूएस के लिए 22 पद आरक्षित रखे जाने थे, लेकिन केवल चार पद ही निर्धारित रखे गए। इस वजह से याचिकाकर्ताओं का नाम मेरिट सूची में होने के बावजूद उनका चयन नहीं हो सका। मामले पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 15(6) तथा 16 (6) की स्पष्ट व्याख्या करते हुए कहा कि सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था दी गई है। ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लाभ से ओबीसी, एससी व एसटी वर्ग को अलग रखा गया है, इसलिए कुल विज्ञापित पदों में से 10 प्रतिशत पद ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित किया जाना संविधान के अनुच्छेद 16 (6) के प्रविधान से असंगत है। इस मामले में कुल 219 पदों में से 122 ओबीसी, 46 एसटी और 13 एससी वर्ग के लिए आरक्षित रखे गए हैं। इस तरह शेष अनारक्षित (सामान्य) के 38 पदों में से 10 प्रतिशत यानि चार पद ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित करना पूरी तरह वैधानिक है।

# हाई कोर्ट ने निरस्त की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति

## दिव्यांग को नियम विरुद्ध बीपीएल कार्ड जारी होने का मामला

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने दिव्यांग को नियम विरुद्ध तरीके से बीपीएल कार्ड जारी होने के रवैये को आड़े हाथों लिया। न्यायमूर्ति जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने न केवल बीपीएल कार्ड बल्कि उसके आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर हुई नियुक्ति भी निरस्त करने का सख्त आदेश पारित कर दिया। याचिकाकर्ता टीकमगढ़ निवासी रोशनी राजपूत की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। उसे 45.9 अंक प्राप्त हुए थे और वरियता सूची में उसका तीसरा स्थान था। प्रथम स्थान पर अनावेदक माया राजपूत थी, जिसे 48 अंक प्राप्त हुए थे। प्राप्त अंक में 10 अंक बीपीएल कार्ड के मिले थे। फाइनल लिस्ट जारी करते समय बीपीएल कार्ड निरस्त होने के कारण अनावेदक के 10 अंक कम कर दिए गए थे। दूसरे स्थान की प्रतिभागी का चयन किसी अन्य आंगनबाडी केंद्र में हो गया था। जिसके कारण उसे नियुक्ति प्रदान की गई थी, जिसे चुनौती देते हुए अनावेदिका ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया था। आवेदन निरस्त होने के बाद संभागायुक्त के समक्ष अपील दायर की गई थी। संभागायुक्त ने अपील को इस तर्क के साथ स्वीकार कर लिया कि आवेदन करते समय बीपीएल कार्ड जीवित था। संभागायुक्त के आदेश को चुनौती देते हुए उक्त याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि अनावेदक महिला के पिता के नाम बीपीएल कार्ड जारी हुआ है। उसके पिता के पास साढ़े छह हेक्टेयर से अधिक जमीन है और वह ट्रैक्टर का मालिक है।

## दस्तावेज नहीं हो रहे अपलोड

# ऑनलाइन काउंसलिंग के पोर्टल में समस्याएं

**जबलपुर।** स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू हो चुकी है। विद्यार्थियों को पंजीयन से लेकर दस्तावेज अपलोड करने में अधिक समय लग रहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने पहली बार पंजीयन से पहले एकेडमी बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी, समग्र आईडी, ई-मेल, मूल निवासी, विधानसभा सहित कई जानकारी मांगी है। इसके बाद विद्यार्थियों को दस्तावेज अपलोड करना होता है। ये सारी प्रक्रिया पंद्रह से बीस मिनट में पूरी करना होती है। उसके बाद टाइम आउट होते ही पोर्टल बंद हो जाता है। कई बार छात्र-छात्राओं का पंजीयन पूरा नहीं हो पाता है। दोबारा ये प्रक्रिया करना पड़ती है। वहीं कई बार सर्वर में भी परेशानी आती है। 1 मई से उच्च शिक्षा विभाग ने 1 हजार 360 सरकारी-निजी कॉलेजों में संचालित 280 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। बीए, बीकॉम, बीसीए, बीएससी, बीबीए, एमए, एमकॉम, एमएससी सहित कई कोर्स में छात्र-छात्राएं में दिलचस्पी दिखा रहे है। प्रवेश प्रक्रिया के तहत पंजीयन के बाद विद्यार्थियों को दस्तावेज अपलोड करना है।

### मूल निवासी प्रमाण पत्र न होने से दिक्कतें

विद्यार्थियों को पंजीयन के दौरान मूल निवासी का प्रमाण पत्र नहीं होने से दिक्कतें आ रही है। इसकी वजह से पंजीयन की प्रक्रिया पूरी नहीं होती है।

## जंगली हाथियों का उत्पात रोकने की कवायद

# मप्र में पहली बार हाथी मूवमेंट वाले कैंपों में ईपीटी खुदाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व नें पहल की है। बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की मूवमेंट के बाद टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने जंगली हाथियों के मूवमेंट वाले क्षेत्रों में ईपीटी की खुदाई कराई है।

ईपीटी का मतलब एलीफेंट प्रुफ ट्रेंच है। जंगली हाथी जंगल के साथ गांव के आसपास भी घूमते हुए ग्रामीणों को दिखाई देते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की संख्या लगभग 65 हो गई है। जंगली हाथी बीटीआर के अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण करते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि वन कैंपों के चारों तरफ ईटीपी की खुदाई कराई गई है। इसके कारण हाथी वन चौकी और वन कैंपों में नहीं पहुंचते हैं। यह पहल टाइगर रिजर्व में सफल हुई है। टाइगर विचरण वाले सभी कैंपों में ईपीटी खुदाई कराई जाएगी। चट्टान वाले कैंपों में सोलर पावर फैंच भी लगाया जाएगा।

### अक्सर उत्पात मचाते हैं हाथी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों में जंगली हाथियों की मूवमेंट बनी रहती है और कुछ क्षेत्रों में लगातार जंगली हाथी उत्पाद भी मचाते हैं। जंगली हाथी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की वन चौकी और कैंप में नुकसान भी करते हैं। जंगली हाथियों के दहशत से टाइगर रिजर्व के कर्मचारी और सुरक्षा श्रमिक कैंप पर चौकी में नहीं रहते हैं। लेकिन प्रबंधन के ईपीटी की खुदाई कराने से हाथियों का वन चौकी, कैंप तक पहुंच पाना संभव नहीं है।

### ईपीटी की चौड़ाई और गहराई

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के 18 कैंपों में चारों तरफ तीन मीटर चौड़ी और तीन मीटर गहरी लाइन खोदी जाती है। इसकी मिट्टी अंदर की तरफ रखी जाती है? और सुरक्षा श्रमिक निकलने के लिए बांस का पटरा बना लेते हैं। रात के समय पटरा को अंदर रख लेते हैं।

## 6 माह से रच रहा था हत्या की प्लानिंग, वारदात के बाद कहानी गढ़ी

# दोस्तों को सुपारी देकर कराई थी गर्भवती पत्नी की हत्या

**जबलपुर।** लूट के प्रयास में हत्या की घटना मनगढंत कहानी निकली। पति ही 6 महीनें से पत्नी की हत्या की प्लानिंग कर रहा था। पति ने ही दोस्तों को 60 हजार रुपए की सुपारी देकर अपनी गर्भवती पत्नी की हत्या कराई थी। 20 हजार रुपया अपने दोस्तों को एडवांस दिया था। पुलिस ने इस कथा कथित लूट के बहाने की गई हत्या का राजफाश करते हुए, मृतिका के पति सहित चार लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक पति का किसी अन्य महिला के साथ अफेयर चल रहा था और पत्नी इस अफेयर में बाधक थी उसे रास्ते में हटाने के लिए पति ने सुपारी देकर मर्डर कराया और घटना को नया मोड़ देने के लिए वारदात की कहानी गढ़ी। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस घटना का खुलासा किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार भी मौजूद थे। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक ने खुद इस मामलें में पूछताछ की तो परत-दर-परत खुलने लगी। दरअसल घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक को मामला संदिग्ध लग रहा था और जब उन्होंने जांच पड़ताल की तो उनका शक सही निकला। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कजरवार निवासी केंट हाउस का कारोबारी 28 वर्षीय शुभम चौधरी अपनी 25 साल की पत्नी रेशमा चौधरी और डेढ़ साल के पुत्र दक्ष को बुलेरो कार क्रमांक एमपी 20 टीए 1712 में घर से लेकर निकला। वह ग्रीन सिटी के रास्ते मरघटाई रोड होते हुए अपनी ससुराल मदर टेरेसा नगर जा रहा था। रात 8.30 बजे मरघटाई पुल के पास वारदात होती है जिसमें शुभम की गाड़ी में पथराव होता है और चुन्नी से गला घोंटकर उसकी पत्नी की हत्या कर दी जाती है। मौके-ए-वारदात पर पुलिस को पता चलता है कि शुभम के सिर पर भी हमलावरों ने पत्थर मारा है। शुभम ने पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी दी थी कि चार लोगों ने उसे हाथ दिखाकर जबरन रोका और जब वह रुका तो उसकी गाड़ी में पथराव हो गया और अज्ञात लोग पत्नी का मंगलसूत्र, चेन और मोबाइल लूट कर ले गए और गला घोटकर उसकी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस प्रथम दृष्टया ही इस मामलें को संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल कर रही थी। आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए उसके बाद पुलिस का संदेह और पुख्ता होते चला गया। पुलिस की विवेचना के दौरान पति के बयान बार-बार बदल रहे थे। इस दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो इस प्रकार की कोई भी घटना की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस को सीसीटीव्ही फुटेज में कोई बुलेरो वाहन आते जाते नहीं दिखा। मृतिका रेशमा चौधरी के पति शुभम से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने पूरा राज उगल दिया। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 6 महीनें से पत्नी को जान से मारने के प्लान बना रहा था। दरअसल उसका किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध थे जिसको लेकर पति पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। उसने अपने दोस्त प्रहलाद सिंह ठाकुर, अनुराग कुशवाहा एवं शिब्बू चौधरी ने योजना के मुताबिक 4 मई की शाम को पत्नी को घुमाने ले जाने के बहाने से ग्राम मोहनिया के पास टोला ले जाकर अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर पत्नी रेशमा चौधरी की गला घोट कर हत्या कर दी। इसके एवज में प्रहलाद सिंह ठाकुर, अनुराग कुशवाहा एवं शिब्बू चौधरी को कुल 60 हजार रुपए देने का वादा किया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 341, 323, 324, 392, 397, 427, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240